Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 333 | शनिवार, 06 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## कूनो नेशनल पार्क में चीता वीरा के शावक की मौत



नई दिल्ली।

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से बुरी खबर आई है। यहां जिस वीरा चीता और उसके 10 माह के दो शावकों को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने गुरुवार को जंगल में छोड़ा था, उसमें एक शावक शुक्रवार सुबह मृत पाया गया। चीता प्रोजेक्ट के फील्ड डायरेक्टर उत्तम कुमार शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शावक मां वीरा के साथ गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे जंगल में छोड़ा गया था। रात में यह शावक इनसे अलग हो गया। सुबह यह मृत पाया गया है। बताया जा रहा है कि वह ऐसे क्षेत्र में पहुंच गया था, जहां जंगली च्हसक जानवर ज्यादा हैं। माना जा रहा है, उन्हीं से संघर्ष के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि, कूनो प्रबंधन का कहना है कि शावक की मौत की वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लग सकेगा। इसके बाद वीरा और उसके दूसरे शावक की निगरानी बढ़ा दी गई है।

## चार दशक बाद माओवादियों से आजाद हुई गोगुड़ा पहाड़ी



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में माओवादियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना रही गोगुड़ा पहाड़ी पर सुरक्षा बलों ने नया कैंप स्थापित किया है। 675 मीटर ऊंची इस दुर्गम पहाड़ी तक पहुंचने के लिए केवल एक पगडंडी थी। प्रशासन और सुरक्षा बलों के लिए यह क्षेत्र हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन जवानों ने लगातार 18 दिनों तक कठिन चढ़ाई में रास्ता तैयार करने के बाद गोगुड़ा की चोटी तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। जवानों ने कच्चे रास्ते को मजबूत बनाकर नया कैंप स्थापित किया, जिसके बाद सड़क को ठीक करने में एक माह का समय लगा। गोगुड़ा गांव में 250 से अधिक परिवार निवास करते हैं। खड़ी पहाड़ी, गहरी खाई और घने जंगलों के कारण यह क्षेत्र पूरी तरह माओवादियों के नियंत्रण में था।


### India-Russia Business Forum में शामिल हुए पुतिन और मोदी

# पीएम बोले- रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर काम जारी

नई दिल्ली।


मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और मैंने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन कल से राष्ट्रपति पुतिन के साथ मेरी बातचीत और जो संभावनाएँ हम देख रहे हैं, मुझे नहीं लगता कि हमें 2030 तक इंतजार करना होगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में भारत-रूस व्यापार मंच में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन द्वारा आज इस कार्यक्रम में इतने बड़े प्रतिनिधिमंडल



को लाना एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल थी। मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ। आप सभी के बीच आकर, इस मंच में शामिल होकर और अपने बहुमूल्य विचार साझा करके मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (ऋळअ) पर चर्चा शुरू हो गई है। चाहे व्यापार हो या कूटनीति, किसी भी साझेदारी की नींव आपसी विश्वास ही होती है। यही विश्वास भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत है। यह हमारे संयुक्त प्रयासों को दिशा और गति प्रदान करता है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और मैंने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन कल से राष्ट्रपति पुतिन के साथ मेरी बातचीत और जो संभावनाएँ हम देख रहे हैं।

## कर्नाटक में डिवाइडर से टकराकर धधक उठी कार, जिंदा जल गया पुलिसकर्मी



चेन्नई।

कर्नाटक के धारवाड़ जिले के अन्निगेरी कस्बे के बाहरी इलाके में एक पुलिस इंस्पेक्टर की कार डिवाइडर से टकराने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे वह जिंदा जल गया। पीड़ित की पहचान इंस्पेक्टर सलीमथ के रूप में हुई है, जो हावेरी लोकायुक्त कार्यालय में कार्यरत थे। वह गडग से हुबली की ओर जा रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर यह दुर्घटना हुई। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में हुंडई 20 कार आग की लपटों में घिरी हुई दिखाई दे रही थी और उसमें से आग निकल रही थी। आस-पास के यात्री पुलिस अधिकारी को बचाने की कोशिश करते दिखाई दिए, जबकि अन्य लोग आग के खतरनाक रूप से भड़कने पर वहीं रुकने की चेतावनी देते रहे। जब तक स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को सूचित किया और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे, तब तक गाड़ी पूरी तरह से आग की चपेट में आ चुकी थी।

## मध्य प्रदेश में बच्चों ने जिस कोल्ड्रिफ कफ सीरप का सेवन किया, उसमें डीईजी की मात्रा 42% मिली

भोपाल।

मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सीरप के तीन और सैंपल अमानक पाए गए हैं। इनमें डायथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) की मात्रा 42 प्रतिशत पाई गई है, जबकि निर्धारित मानक के अनुसार किसी भी कफ सीरप में डीईजी की मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। ये तीनों उन बाटल के सैंपल हैं, जो बच्चों द्वारा पीने के बाद बच गए थे।

इनके सैंपल की जांच मध्य प्रदेश में विषाक्त कफ सीरप से 24 बच्चों की मौत के मामले की जांच कर रही एसआइटी ने राज्य औषधि लैब से कराई है। इससे साफ है कि बच्चों की मौत अधिक डीईजी मिश्रित कोल्ड्रिफ कप सीरप पीने से ही हुई। दरअसल,



अधिक मात्रा में डीईजी का सेवन किडनी फेल कर देता है। बता दें कि इसके पहले तमिलनाडु औषधि प्रशासन की जांच में कोल्ड्रिफ सीरप में डीईजी की मात्रा 48.6 प्रतिशत और मध्य प्रदेश औषधि प्रशासन विभाग की जांच में 46.2 प्रतिशत मिली थी। दरअसल, कोल्ड्रिफ सीरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्युटिकल्स कंपनी का मालिक जी. रंगनाथन दावा कर रहा था कि दूसरे राज्यों में उसी बैच के सीरप भेजे थे, पर कहीं से शिकायत नहीं आई। इस कारण एसआइटी ने खुले कफ सीरप की भी जांच कराई है, जिससे साबित हो सके बच्चों की मौत कोल्ड्रिफ से ही हुई थी।

## 'तय समय से पहले पूरा कर लेंगे 100 अरब डॉलर कारोबार का लक्ष्य' पीएम मोदी

नई दिल्ली।

भारत और रूस के शीर्ष नेताओं के बीच शुक्रवार को हुई बैठक में वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर द्विपक्षीय कारोबार का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि जिस तरह से दोनों देशों के बीच कारोबार बढ़ रहा है उसे देखते हुए द्विपक्षीय कारोबार का उक्त लक्ष्य काफी पहले पूरा कर लिया जाएगा। पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भारत-रूस बिजनेस फोरम को संबोधित कर रहे थे। इस फोरम में दोनों देशों के तकरीबन 150 उद्योगपतियों के अलावा दोनों देशों की सरकारों के तकरीबन सारे आर्थिक मामलों के मंत्री भी उपस्थित थे। पीएम मोदी और पुतिन ने अपने- अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह दोनों देशों के बीच निवेश से संबंधित योजनाओं को तेजी से आकार देने के लिए अनावश्यक बाधाओं को तत्परता से खत्म करें। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने रूस के उद्योगपतियों से कहा, भारत आएं, मेक इन इंडिया कार्यक्रम में साझेदार बनें। पीएम मोदी ने कहा, हमने 100 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा है, लेकिन राष्ट्रपति पुतिन से बात करने के बाद और दोनों देशों की संभावनाओं को देखते हुए मुझे पूरा भरोसा है कि यह लक्ष्य काफी पहले पूरा हो जाएगा। भारत और रूस की सदस्यता वाले यूरेशिएन आर्थिक यूनियन (ईएईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौता होने से यह काम और आसान हो जाएगा। इस एफटीए के लिए बातचीत शुरू हो गई है। ईएईयू के पांच सदस्य रूस, बेलारूस, अर्मेनिया, कजाखस्तान व कर्गिजस्तान हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने भी अपने संबोधन में भारत व ईएईयू के बीच शीघ्र एफटीए किए जाने की वकालत की।



**भारत व ईएईयू के बीच शीघ्र एफटीए किए जाने की वकालत की**

## पहली बार ट्रंप-शीनबाम की मुलाकात

नई दिल्ली।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और मैक्सिको की राष्ट्रपति शीनबाम की महीनों से टलती पहली आमने-सामने मुलाकात अब 2026 वर्ल्ड कप ड्रॉ के बहाने हो रही है। इस मुलाकात का एजेंडा व्यापार और अमेरिकी टैरिफ से संबंधित हो सकता है। शीनबाम ऑटोमोबाइल, स्टील और एल्युमिनियम पर लगे भारी टैरिफ हटवाना चाहती हैं, जबकि ट्रंप भी इस मुलाकात को रणनीतिक नजर से देख



रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम की लंबे समय से टलती आ रही पहली सीधी मुलाकात अब होने जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह बैठक इमिग्रेशन मुद्दे पर नहीं, बल्कि 2026 वर्ल्ड कप, व्यापार और टैरिफ जैसे विषयों पर केंद्रित है, जबकि ट्रंप का सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा ही अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर कड़ी कार्रवाई है। दस महीने से सत्ता में रहने के बाद अब जाकर ट्रंप शीनबाम से मिल रहे हैं, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति अक्सर पड़ोसी देश मैक्सिको के नेता से जल्दी मुलाकात करते हैं। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि जून 2024 में कनाडा में जी7 सम्मेलन के दौरान दोनों की मुलाकात तय थी, लेकिन ईरान तनाव बढ़ने के कारण ट्रंप को समय से पहले लौटना पड़ा और बैठक रद्द हो गई।

### गुटखा, सिगरेट पर नया टैक्स लगेगा

## लोकसभा में पान मसाला इकाइयों पर सेस लगाने संबंधी विधेयक पारित



नई दिल्ली।

लोकसभा में शुक्रवार को स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया। स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 पान मसाला जैसे उत्पादों के निर्माण पर नया सेस लगाने का अधिकार देता है। विधेयक पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय है और रक्षा केंद्रीय सूची में है। हमें आज की जरूरतों के अनुरूप रक्षा के लिए संसाधन जुटाने की जरूरत है। उन्होंने राज्यों को आश्वासन दिया कि अर्जित राजस्व को स्वास्थ्य योजनाओं पर खर्च के लिए उनके साथ साझा किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि उपकर लगाने की संवैधानिक शक्ति अनुच्छेद 270 में निहित है, जो संसद को किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए उपकर लगाने का अधिकार देता है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को चुनाव आयोग का हवाला देते हुए लोकसभा को बताया कि बिहार में विधानसभा चुनाव के संचालन में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। एक लिखित उत्तर में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार या उनके एजेंटों द्वारा पुनर्मतदान का अनुरोध नहीं किया गया था। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों के लिए वीवीपीएटी पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन किया गया और ईवीएम की गणना में कहीं भी कोई विसंगति नहीं पाई गई।

### विशेष उर्वरकों के लिए इन देशों का रुख कर रहा भारत

## संसद: चीन द्वारा भारत को विशेष उर्वरकों के निर्यात पर रोक



**नई दिल्ली।** पिछले कुछ महीनों में चीन द्वारा भारत को विशेष उर्वरकों के निर्यात पर रोक लगाने की खबरों के बीच, घरेलू कंपनियों ने आपूर्ति की कमी को पूरा करने के लिए बेल्जियम, मिस्त्र, जर्मनी, मोरक्को और अमेरिका में वैकल्पिक आपूर्तिकताओं की ओर रुख किया है। लोकसभा में शुक्रवार को एक लिखित उत्तर में उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने स्पष्ट किया कि उर्वरक विभाग द्वारा देखरेख की जाने वाली पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना से विशेष उर्वरक बाहर हैं। अनुप्रिया ने पोषक तत्व प्रबंधन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय अनुसंधान निकायों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। भारतीय कृषि अनुसधान परिषद (आइसीएआर) और राज्य कृषि विश्वविद्यालय जैसे संस्थान स्वदेशी विकल्प विकसित कर रहे हैं, जिनमें जिंक ईडीटीए, बोरान मिश्रण, नैनो-उर्वरक और जिंक-घुलनशील बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों से जैव-उर्वरक शामिल हैं। एक अन्य प्रश्न के जवाब में अनुप्रिया पटेल ने कहा कि नैनो उर्वरकों की प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए सरकार ने नैनो यूरिया पर केंद्रित एक परियोजना के लिए आइसीएआर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि तीन नवंबर, 2025 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत पांच वर्षीय पहल को उर्वरक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सहकारी समितियों द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा।

## संपादक की कलम से

# महाकुंभ में घडियाल

शीतकालीन सत्र के दौरान कई महाकुंभ और कई घडि ?ाल भी देखे गए। किसी का गुस्सा और किसी की आंखों का सुरमा निकल गया। सीमाओं के बाहर उत्साह को पहली बार देखा गया, लेकिन तपोवन क्या अब इंकलाब हो गया। कहना न होगा कि मौजूदा सियासत में आम आदमी का हाल बुरा हो गया। सदन का चरित्र सडक पर या अब सडक ही सदन तक आ गई। यह इसलिए कि सदन के बाहर तख्तियां पक्ष की थीं और विपक्ष की भी थीं, बस फर्क यह कि दोनों की निगाह एक दूसरे के खिलाफ खड़ी थी। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का यह कौनसा मुकाबला राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से होता रहा कि सदन की तहजीब बदल गई। राजनीति शास्त्र के किसी विद्यार्थी को क्या मिला या प्रदेश को ऐसा भी क्या गिला कि सदन के बाहर जोरावर स्टेडियम की गूंज आसमान बन गई। गुस्से की गीतांजलि में जोरावर स्टेडियम में नए गीत, नए नारे बताते हैं कि भाजपा करने पर उतर आए, तो कारवां बनाना जानती है। भाजपा ने कांग्रेस की तीन साल की हुकूमत को चिकोटी काटी है, अपनी शक्ति अपनी धरती बांटी है। वो सामने सत्ता का महल और इधर हमने भी दीये जलाए हैं। ईंधन बहुत है विपक्ष के पास, इसे साबित कर गई रैली। परिवार को एकछत्र भाजपा ने साझी छत के नीचे बैठाया, तो वे सारे चेहरे मिल गए जिन्हें अगले चुनाव की सूरत में छवि बनानी है। इसे आलोचना का महाकुंभ कहें, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर बिहार की जीत पार्टी को गुदगुदाने लगी है। मंडी से कंगना रणौत की हाजिरी भले ही संसद में लगी, लेकिन प्रदेश से बाकी सभी सांसद विपक्ष के विरोध में अपनी भागीदारी का अक्स दिखाते रहे। वहां व्यक्तित्व के पहाड़, अस्तित्व के समुद्र और राज्य की उम्मीदों के दरबार सजे मिले। बावजूद इसके हम भाजपा के किसी एक पहलवान का नाम नहीं ले सकते। सुनवाई सुक्खू सरकार की थी, इसलिए नेता प्रतिपक्ष सत्ता में आई कांग्रेस के हर व्यवहार को पकड़ते रहे। सारे विवाद एक तरफ, लेकिन मुर्गा बनाम दाल दूसरी तरफ। रैली की उमंगों में भाजपा की बांग सुनी, तो समोसे की एक टांग उछल गई। ठसाठस स्टेडियम में डा. राजीव बिंदल के संगठन की ताकत जब लहराई, तो नारेबाजों की जुबान शिखर से टकराई। बहुत सारे मुद्दे एकत्रित थे, सियासत के सारे घड़े भरे थे, इसलिए पानी पी–पी कर भाजपा ने कोसने का मंसूबा जाहिर रखा। वहां नारी संसार भारी था, तो गारंटियों में पंद्रह सौ का हक पूछा गया। कोसने में भाजपा ने कितना इत्र जाया किया, इससे इतर बात यह कि कांग्रेस अब नए प्रदेशाध्यक्ष की कमान में भाजपा के सामने कितना जोश भर पाती है। मंडी की प्रस्तावित रैली में तीन साल की सत्ता का सारांश और मिशन रिपीट के अगले दो साल कितना चलना चाहते हैं संकल्प, यह बताने की बारी है। भाजपा ने प्रश्नों की अंजुलि विधानसभा के भीतर और बाहर एक साथ भरी है। एक मुकदमा लोकतंत्र की आवाज और दूसरा जनता की आवाज में ढेरों प्रश्न पूछ रहा है। जमावड़ा विपक्ष का सदन के बाहर तक पहुंच गया, अब देखना यह है कि कांग्रेस के सिपाही कितना समय तक कदमताल करते हैं। जाहिर तौर पर इस बार केवल विधानसभा का शीतकालीन सत्र नहीं था, तपोवन परिसर के बहुत नजदीक कहने का हर क्षण, एक अवसर था। यह हिमाचल की लोकतांत्रिक छवि में इजाफा है कि यहां विपक्ष, सत्ता के सामने प्रदेश की माटी का कर्ज उतार कर पूछता है कि कितना उधार चुकाओगे, बतौर सरकार कितना फर्ज निभाओगे।



ललित शर्मा
संपादक

# संघ का सनातन एवं प्रकृति-दर्शन : वैश्विक चेतना का आह्वान




ललित गर्ग

भारत की सांस्कृतिक चेतना की जड़ में पंचमहाभूतों की जीवन-व्यवस्था है-भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश का संतुलन ही भारतीय ज्ञान-तंत्र की आत्मा है। भगवान शब्द के अक्षरों में निहित पंचतत्त्वों का सार यही दशार्ता है कि भारतीय जीवन-दर्शन में भगवान कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का सुसंगठित योग है। यही दृष्टि सनातन कहलाती है, नित्य प्रवाहमान, पुनर्जननशील, अविनाशी। जब भारत का जीवन इसी तत्त्वदृष्टि से संचालित था, तब वह न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी विश्व-गुरु था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है कि संघ का अस्तित्व ही सनातन जीवन-शैली की पुनर्स्मृति, पुनर्रचना और पुनर्स्थापना का प्रयत्न है। संघ नेतृत्व विशेषकर सरसंघचालक श्री मोहन भागवत की दृष्टि इस मूल दर्शन की आधुनिक व्याख्या है- भारत की पहचान धर्म से है और धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि वह जीवन-शैली है, जिसमें प्रकृति, समाज, संस्कृति और आत्मा का संतुलन हो। उनकी यह बात भारत की वैदिक चेतना को वर्तमान विश्व-यथार्थ में स्थापित करती है।

संघ के शताब्दी वर्ष का समय केवल एक संगठनात्मक उत्सव नहीं बल्कि भारत की सनातन जीवन पद्धति के पुनरुत्थान का क्षण है। संघ सरचालक श्री मोहन भागवत बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत का अस्तित्व किसी राजनीतिक ढांचे से नहीं बल्कि उसकी प्रकृति और संस्कृति के अखंड योग से बना है। भारतीय जीवन का यह सत्य पंचमहाभूतों के योग में निहित है, जिनसे सृष्टि बनी और जिनकी गति को भगवान कहा गया। मोहन भागवत का दृष्टिकोण इस सत्य को आधुनिक भाषा में समझाता है कि सनातन केवल कोई धर्म नहीं बल्कि वह जीवन-तंत्र है जो मानव और प्रकृति के संतुलन से चलता है। भारतीयता प्रकृति-पूजक है और संस्कृति को उसी प्रकृति की लय पर निर्मित करती है।

आज की दुनिया युद्ध, आतंक, प्रतिस्पर्धा और पकर्यावरणीय संकट से त्रस्त है। मानव की भूख केवल संसाधन और उपभोग तक सीमित होने से जीवन तनाव, प्रदूषण और अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। यही पश्चिमी दुनिया की शोषणकारी दृष्टि रही जिसने प्रकृति पर नियंत्रण को प्रगति माना, जबकि भारत की दृष्टि पोषण और सहअस्तित्व की थी। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत का मार्ग सबका हित और सबके साथ पर आधारित है, क्योंकि भारतीय समाज ने प्रकृति को माता माना और संस्कृति को उसका स्वरूप। यह वही दृष्टि है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार आयाम हैं; जहां मोक्ष की चाह लालच रहित आनंद में है और जीवन को आरोग्य बनाना ही संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य है। संघ का जीवन यही संदेश देता है कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तभी स्वस्थ होंगे जब मानव प्रकृति के साथ समरस जीवन जिएगा।

आज जब राष्ट्रवाद को भौतिक शक्ति से मापा जा रहा है, तब मोहन भागवत इसके आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। राष्ट्र उनके लिए भू-भाग ही नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, प्रण और परंपरा का जीवंत व्यक्तित्व है। वे कहते हैं कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और सामंजस्य में है, और सनातन इसलिए सनातन है क्योंकि वह पुनर्जननशील है; वह कभी समाप्त नहीं होता क्योंकि उसका आधार प्रकृति है। यही कारण है कि संघ की जीवन शैली में ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आधारित आहार-विहार, चरित्र निर्माण और संतुलित व्यवहार को स्थान दिया गया। गांव, गौ-संवर्धन, हस्तशिल्प, लोक-जीवन, जैविक खेती, नदी-पुनरुद्धार, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत-ये नीतियां आधुनिक रूप में भू-सांस्कृतिक मानचित्र की पुनर्स्थापना हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जीवन दृष्टि को आधुनिक शासन में उतारा है। योग का विश्वदिवस घोषित होना, आयुर्वेद का पुनर्धर्म, माई लाइफ माई योगा, पंचामृत, लोकल टू ग्लोबल, वोकल फॉर लोकल, जी-20 की भारतीय दर्शन आधारित थीम वसुधैव कुटुम्बकम्, मिशन लाइफ, प्राकृतिक खेती, पारंपरिक चिकित्सा मंत्रालय, मंदिरों का पुनर्जीवन, सांस्कृतिक आत्मविश्वास का उदय-ये सब उस सनातन दृष्टि के शासन रूप हैं जिसे संघ वर्षों से साधता आया है। मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनयिक भूमिका आध्यात्मिक भाषा में उभर रही है, जहां युद्ध की भाषा की जगह सहजीवन की भाषा है, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भूमिका है। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत को दुनिया में नेतृत्व अपने धर्म से मिलेगा, किसी वर्चस्व से नहीं। यही धर्म प्रकृति और संस्कृति के संतुलन का वह सिद्धांत है जिसने भारत को दार्शनिक राष्ट्र बनाया।

आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, महामारी, अकेलापन, मानसिक तनाव और युद्ध के बीच टूट रही है। पश्चिमी विज्ञान समाधान के लिए रोबोट, जीन इंजीनियरिंग या डिजिटल कृतक जीवन की ओर जा रहा है, जबकि भारतीय अध्यात्म कहता है कि समाधान भीतर है, प्रकृति के साथ है, समरस संस्कृति के साथ है। यही संघ का कथन है कि मानव को मनुष्य बनाना ही राष्ट्र निर्माण है। संघ का जीवन तंत्र व्यक्ति में यह भरोसा जगाता है कि वह सृष्टि से जुड़ा है, पंचमहाभूतों का अंश है, और उसका धर्म है कि वह प्रकृति और समाज दोनों का पोषण करे। संघ की शाखाओं में हर प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे यह स्मरण दिलाती है कि भारत माता केवल प्रतीक नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति का योग है, जिसे जीना ही सनातनता है। संघ के लिए सनातन केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि आधुनिक मनुष्य के लिए नैतिक और सामाजित अनुशासन की ऊर्जा है। संघ स्वयंसेवक जब शाखा में प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, योगासन और सामूहिक भाव-विन्यास करते हैं, तो वे भारतीय संस्कृति के मूल सूत्र प्रकृति-संस्कृति योग को साधते हैं।

मोहन भागवत यह भी कहते हैं कि भारत का मार्ग किसी पर थोपने का नहीं है बल्कि जगत को दिखाने का है कि शांति, समृद्धि और संतोष कैसे प्राप्त हो सकते हैं। उनके वक्तव्यों में स्पष्ट है कि सनातन जीवन-पद्धति ग्रहण और उपभोग नहीं बल्कि सहजीवन और पोषण सिखाती है। एक ओर पश्चिमी मॉडल शोषण, नियंत्रण का जीवन देता है, विज्ञान भी वहां सत्ता का औजार है; दूसरी ओर सनातन दर्शन अध्यात्म और विज्ञान को पूरक बनाता है, भौतिकी को आध्यात्मिक चेतना से संचालित करता है। यही अंतर भारत और विश्व को दिशा देता है। उनकी दृष्टि में भारत की समस्याओं का समाधान शिक्षा प्रणाली के पुनर्संयोजन में है, जिसमें ज्ञान केवल तकनीक न हो बल्कि जीवन विद्या हो। वे कहते हैं कि यदि भारत प्रकृति आधारित संस्कृति को पुनर्जीवित करेगा तो आरोग्य, आनंद और मोक्ष की दिशा में एक नई मनुष्यता जन्म लेगी। यह केवल भारत के लिए नहीं बल्कि विश्व के लिए समाधान है क्योंकि विश्व के संकट का मूल मानव और प्रकृति के बीच का विभाजन है।

आज संघ का शताब्दी वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह भारत के सनातन पुनरुत्थान का ऐतिहासिक मोड़ हो सकता है। संघ की जीवन शैली-साधारणता, संयम, समर्पण, समाज-धर्म, अनुशासन, सेवा और आत्मपरिष्कार, यह प्रकृति आधारित संस्कृति की आधुनिक अभिव्यक्ति है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन, संघ के जीवन तंत्र को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का राजनीतिक-राजनयिक रूप है। इसलिए आज के हिंसा और युद्धग्रस्त विश्व के लिए भारत का संदेश स्पष्ट है कि समाधान हथियार से नहीं, जीवन दर्शन से होगा; विकास भौतिक उपभोग से नहीं, समरस संस्कृति से होगा; और भविष्य उस सभ्यता का है जो प्रकृति को माता और संस्कृति को सृष्टि का धर्म मानकर चलती है।

## डॉ.राजीव डोगरा



### बुरा इंसान

कविता

हां मैं बुरा हूं
क्योंकि मैं चाहता हूं
कि तुम हमेशा खुश रहो।

हां मैं बुरा हूं
क्योंकि मैं चाहता हूं
कि तुम बुरे लोगों से सदा दूर रहो।

हां मैं बुरा हूं
क्योंकि मैं चाहता हूं
कि तुम सदा मुस्कुराते रहो।

हां मैं बुरा हूं
क्योंकि मैं चाहता हूं
कि तुम्हारे जीवन में दुख न आए।

हां मैं बुरा हूं
क्योंकि मैं चाहता हूं
कि तुम मेरे बाद भी खुश रहो।

# आईएमएफ द्वारा भारत के राष्ट्रीय खाते आँकड़ों को सी ग्रेड दिए जाने का विवाद -विपक्ष का तंज राजनीति और संसद में सरकार का पक्ष-विस्तृत विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ( आईएमफ ) द्वारा भारत के नेशनल एकाउंट्स स्टेटसटिक्स को वर्ष 2025 के वार्षिक मूल्यांकन में ह्यसीह्व ग्रेड दिया जाना, भारत की आर्थिक विमर्श में अचानक एक प्रमुख विषय बन गया। राष्ट्रीय खाते आँकड़े किसी भी देश की आर्थिक सेहत, विकास उत्पादन, निवेश, उपभोग तथा आमदनी की संरचना को दशार्ते हैं, और इसलिए इन आँकड़ों की प्रामाणिकता को लेकर किसी भी प्रकार की विदेशी शंका स्वाभाविक रूप से बड़े राजनीतिक और आर्थिक तूफान का कारण बनती है। यह आलोचना केवल एक तकनीकी अवलोकन नहीं थी, बल्कि इसने भारत की जीडीपी वृद्धि दर, सरकार की आर्थिक नीतियों, विपक्ष की प्रतिक्रिया और संसद में उठे सवालों तक व्यापक बहस को जन्म दिया हैं। आईएमफ द्वारा दिया गया यह सी ग्रेड मुख्यतः उन सांख्यिकीय पद्धतिगत कमियों से जुड़ा है, जो भारत की तेजी से बदलती आर्थिक संरचना के अनुरूप अपने राष्ट्रीय खातों को नियमित रूप से अपडेट करने में सामने आती रही हैं। यह स्थिति न तो भारत-विशेष है और न ही किसी आर्थिक संकट की ओर संकेत; लेकिन मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं की यह तथ्य अवश्य है कि आईएमफ जैसी संस्था किसी देश के राष्ट्रीय खाते आँकड़ों की गुणवत्ता को कमजोर वर्ग में रखे, तो वह वैश्विक नीति -निमार्ताओं और निवेशकों की दृष्टि में चिंता का विषय बन जाता है।

साथियों बात अगर हम आईएमफ ने भारत को ह्यसीह्व ग्रेड क्यों दिया, पद्धति, चुनौतियाँ और तकनीकी कमजोरियाँ समझने की करें तो, आईएमफ की ग्रेडिंग प्रणाली मेंसी श्रेणी वह है, जहाँ आँकड़ों की उपलब्धता तो पर्याप्त होती है, लेकिन उनकी विश्वसनीयता, सटीकता, पारदर्शिता और तुलनात्मकता पर सवाल खड़े होते हैं। भारत को यह ग्रेड मुख्यतः चार प्रमुख कारणों से दिया गया( 1 )भारत का आधार वर्ष जो जीडीपी तथा अन्यराष्ट्रीय खाते आँकड़ों की गणना के लिए उपयोग होता है, अभी भी 2011- 12 है। यह वह समय था जब भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना आज की तुलना में कहीं भिन्न थी। डिजिटल अर्थव्यवस्था, ई-कॉमर्स, स्टार्टअपपारिस्थितिकी तंत्र, गिग- इकोनॉमी, ऑनलाइन सेवाएँ, स्मार्ट-इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्लेटफॉर्म-आधारित आर्थिक गतिविधियों का आकार आज बहुत अधिक है, जबकि 201-12 का फ्रेमवर्क उन्हें ठीक से प्रतिबिंबित नहीं कर पाता इसलिए आईएमफ का कहना है कि इतने पुराने आधार वर्ष के कारण वास्तविक आर्थिक गतिविधियों का सही मूल्यांकन बाधित होता है। ( 2 )आईएमफ ने भारत के डेफ्लेटर यांने नॉमिनल जीडीपी को रियल जीडीपी में बदलने के लिए उपयोग होने वाले मूल्य सूचकांकों में कमियाँ बताईं। विकसित देशों में प्रोडूसर प्राइस इंडेक्स आधारित व्यापक मूल्य प्रणाली प्रचलित है, जबकि भारत मुख्यतः होलसेल प्राइस इंडेक्स पर निर्भर है इससे जीडीपी की वास्तविक वृद्धि का अनुमान प्रभावित हो सकता है। ( 3 ) बड़ी कमजोरी अनौपचारिक क्षेत्रकी




वास्तविक हिस्सेदारी और गतिविधि का अपूर्ण कवरेज है। भारत की अर्थव्यवस्था में अनौपचारिकता की मात्रा बहुत अधिक है, और आँकड़ा संग्रहण की पारंपरिक पद्धतियाँ इस विविध और बदलते कार्यक्षेत्र को पर्याप्त रूप से शामिल नहीं कर पातीं। आईएमफ का कहना है कि उत्पादन और व्यय आधारित जीडीपी अनुमान में पाए जाने वाले अंतर भी इसी पद्धतिगत कमजोरियों का संकेत हैं। ( 4 ) आलोचना तिमाही आँकड़ों की गुणवत्ता और सीजनल एडजस्टमेंट्स, इंस्टिट्यूशनल सेक्टर ब्रेकडाउन और हाई - फ्रेक्वेसी डेटा हारमोनिसाशन की अनुपस्थिति से जुड़ी है। आधुनिक अर्थव्यवस्थाएँ नियमित रूप से इन तकनीकों का उपयोग करती हैं ताकि आँकड़े उन उतार-चढ़ावों से मुक्त रहें जो केवल मौसम, त्योहारी सीजन या अस्थायी आर्थिक घटनाओं के कारण उत्पन्न होते हैं। आईएमफ ने यह भी ध्यान दिलाया कि भारत ने 2015 के बाद से आधार वर्ष बदला ही नहीं, जबकि कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएँ हर पाँच वर्ष में ऐसा करती हैं। आईएमफ का निष्कर्ष यही था कि भारत की राष्ट्रीय खातों की संरचना डेटा उपलब्धता के मामले में व्यापक है, लेकिन डेटा गुणवत्ता और आधुनिकता अपेक्षाकृत कमजोर है, जिसके कारण उसे सी ग्रेड दिया गया। साथियों बात अगर हम विपक्ष ने सरकार पर तंज क्यों कसा, राजनीतिक प्रतिध्वनि और बढ़ती बहस को समझने की करें तो, आईएमफ की रिपोर्ट का राजनीतिक प्रभाव तत्काल दिखाई दिया। कांग्रेस ने इस ग्रेडिंग का उपयोग सीधे-सीधे सरकार की आर्थिक विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाने के लिए किया। उनका आरोप था कि जबआईएमफ ही डेटा में कमजोरी बता रहा है तो सरकार द्वारा प्रस्तुत की जा रही 8.2 प्रतिशत जैसी उच्च जीडीपी वृद्धि दर कैसे विश्वसनीय मानी जाए? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि सरकार कागजी विकास दिखा रही है, जबकि वास्तविकता में रोजगार, ग्रामीण आय और घरेलू उपभोग में ठोस सुधार नहीं दिखता। उन्होंने टिप्पणी की कि यदि आईएमफ यह कह रहा है कि राष्ट्रीय खाते आँकड़ों में पद्धतिगत कमजोरियाँ हैं, तो जीडीपी वृद्धि दर को बढ़ा- चढ़ाकर दिखाया जाना आंकड़ों का सौंदर्यीकरण है। विपक्ष का दूसरा तर्क यह था कि आईएमफ की यह आलोचना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की आर्थिक विश्वसनीयता को कमजोर कर सकती है, जिससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, अंतरराष्ट्रीय फंडिंग और वैश्विक बाजारों में भरोसा प्रभावित हो सकता है। उनका कहना था कि सरकार को आत्मसंतोष छोड़कर डेटा पारदर्शिता को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि आर्थिक वृद्धि की असली परीक्षा आमनागरिकों के जीवन-स्तर में सुधार और रोजगार सृजन से होती है, न कि केवल आँकड़ों के चमकदार प्रस्तुतिकरण से। विपक्ष का यह हमला सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि आर्थिक भी था, क्योंकि आईएमफ वैश्विक संस्थाओं में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है, और उसका मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और रेटिंग एजेंसियों के लिए संकेतक का काम करता है। साथियों बात अगर हम वित्त मंत्री द्वारा बुधवार 3 दिसंबर 2025 को संसद में दिए गए जवाब, आईएमफ ने जीडीपी ग्रोथ पर सवाल नहीं उठाया, केवल आधार वर्ष पुराना है इसको समझने की करें तो, विपक्ष की तीखी आलोचना और मीडिया में बढ़ी चर्चा के बीच वित्त मंत्री ने संसद में पूर्ण स्पष्टता के साथ सरकार की स्थिति रखी। उन्होंने कहा कि आईएमफ का सी ग्रेड किसी भी रूप में भारत की जीडीपी वृद्धि दर या उसकी आर्थिक उपलब्धियों को चुनौती नहीं देता। उन्होंने जोर देकर कहा कि आईएमफ की टिप्पणी मात्र पद्धति और तकनीकी संरचना पर केंद्रित है, न कि भारत की आर्थिक परफॉर्मेंस पर। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार ने पहले ही आधार वर्ष बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और 2022-23 को नया आधार वर्ष बनाने के निर्णय पर काम तेजी से चल रहा है। यह अपडेट फरवरी 2026 से लागू होगा, जो भारत के राष्ट्रीय खातों को अधिक आधुनिक, वैज्ञानिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप बना देगा। वित्तमंत्री ने यह भी कहा कि आईएमफ ने भारत की आर्थिक मजबूती, वित्तीय स्थिरता, निजी निवेश, डिजिटल भुगतान प्रणाली और बैंकिंग क्षेत्र की लचीलापन की विशेष सराहना की है। उनका कहना था कि भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती को दुनियाँ मान रही है और सी ग्रेड को गलत तरीके से राजनीतिक विवाद में घसीटा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईएमफ स्वयं भारत की जीडीपी वृद्धि दर को उच्च और स्थिर मानता है, और यह स्थिति इसलिए संभव है क्योंकि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है। इसलिए, सीग्रेड को जीडीपी के अविश्वसनीय होने के रूप में प्रस्तुत करना सटीक रूप से दुष्प्रचार है। साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय और वैश्विक महत्व के रूप में इस विवाद से उत्पन्न बड़े प्रश्ननों को समझने की करें तो यह विवाद देश को एक महत्वपूर्ण प्रश्न की ओर ले जाता है कि क्या आर्थिक विकास को केवल आँकड़ों से मापा जा सकता है, या आंकड़ों की गुणवत्ता विकास की विश्वसनीयता का मूल आधार है? आईएमफ की टिप्पणी इस बात का संकेत है कि आर्थिक आँकड़ों का आधुनिक, पारदर्शी और अद्यतन होना आवश्यक है।

भारत जैसी विशाल और बहुआयामी अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौती और भी बड़ी है। वैश्विक स्तर पर भारत का महत्व बढ़ा है- विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, तेजी से उभरती बाजार शक्ति, रणनीतिक खिलाड़ी, तकनीकी केंद्र और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का नया केंद्र, ऐसे में यह अनिवार्य है कि भारत अपनी आर्थिक सांख्यिकी को दुनिया की सर्वोत्तम प्रणालियों के अनुरूप बनाए रखे। निवेशक बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ, वैश्विक बैंक और रेटिंग एजेंसियाँ डेटा विश्वसनीयता पर बहुत निर्भर करती हैं। यदि एक बड़ा देश अपनी आर्थिक वास्तविकता को कमजोर सांख्यिकी के कारण सही ढंग से प्रस्तुत न कर सके, तो उसके ऊपर अंतरराष्ट्रीय भरोसा प्रभावित होता है।



गोंदिया

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# एसडीएम ने रैन बसेरे का किया औचक निरीक्षण, बाहर गंदगी देख तत्काल सफाई के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** ठंड के बढ़ते प्रकोप के बीच मुसाफिरों और जरूरतमंदों को राहत देने के लिए शुरू किए गए नगर पालिका परिषद के रैन बसेरे का शुक्रवार को उप जिला अधिकारी राजकुमार भास्कर ने औचक निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास बने इस रैन बसेरे के अंदर की व्यवस्थाएं तो चाक-चौबंद मिलीं, लेकिन बाहर की गंदगी देख एसडीएम ने नाराजगी जताई और उन्होंने तत्काल उचित सफाई कराने के सख्त निर्देश दिए।

एसडीएम राजकुमार भास्कर ने शुक्रवार अचानक रैन बसेरे का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें अंदर की व्यवस्थाएं पूरी तरह संतोषजनक मिलीं। यात्रियों और जरूरतमंदों के लिए गद्दे, लिहाफ, कंबल, शुद्ध पेयजल, गिलास, साबुन समेत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध पाई गईं। मुसाफिरों के लिए किए गए इंतजाम पर एसडीएम ने संतोष व्यक्त किया। हालांकि, जब उनकी नजर रैन बसेरे के ठीक बाहर की सफाई व्यवस्था पर पड़ी, तो वह बेहतर नहीं पाई गई। बाहर गंदगी को देखकर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की और वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी को तत्काल प्रभाव से बाहर भी उचित साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम का निर्देश मिलते ही वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी ने तत्काल कर्मचारियों की टीम के साथ रैन बसेरे के बाहर भी बेहतर साफ-सफाई करवाई। वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी ने बताया कि ठंड को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने यह रैन बसेरा शुरू किया है, जहां मुसाफिरों और जरूरतमंदों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं पहले से ही उपलब्ध करा दी गई हैं।




# अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की मासिक बैठक आयोजित हुई



**वेलकम इंडिया**

**चांदपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की मासिक बैठक संगठन के कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में ओर मोहम्मद अरशद जिलामहासचिव के संचालन में सम्पन्न हुई। मीटिंग में अनिल शर्मा ने सभी पदाधिकारियोंसे संगठन को मजबूत करने और स्पष्ट पत्रकारिता करने को कहा ओर यदि किसी पत्रकार को कोई दिक्कत होती हैं तो मैं उसके लिए हर समय निस्वार्थ भाव से उनके साथ हूं। अनिल शर्मा जिलाध्यक्ष ने संगठन को जनपद में ओर ज्यादा मजबूत करने के लिए सभी साथियों से अपने अपने पत्रकारों से संपर्क करने को भी कहा बैठक में अमिल शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष जलीलपुर, मो गुलफाम, डॉ विपिन सैनी, डॉ शौकीन सैफी, नबाब अहमद, जोगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बुगरासी बरहाना मार्ग पर डीसीएम ने मारी टर्री को टक्कर चालक घायल

**बुगरासी।** शुक्रवार दोपहर बाद डीसीएम ने चौपाल रिसोर्ट के सामने टर्री को पीछे से टक्कर मार दी जिससे टर्री चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक को हिरासत मे लेकर टर्री चालक को अस्पताल में भर्ती करवाया है। शुक्रवार दोपहर बुगरासी–दौलतपुर मार्ग से रिजवान पुत्र मुन्ना टर्री लेकर आ रहा था। जिससे टर्री पलटने से चालक के पैरों में गंभीर चोट आयीं है। गनीमत रही कि टर्री में कोई सवारी नही थी, वरना बडा हादसा हो जाता। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक को पकड घायल को अस्पताल पहुंचाया। राहगीरों का कहना है कि इस मार्ग पर वाहनों के बढते बोझ की वजह से शीघ्र चौड़ीकरण कराया जाये।

# गीता जयंती पर कौशल्या कन्या इंटर कालेज में हुई गोष्ठी

**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** गीता जयंती के उपलक्ष्य में वंदे भारत (संस्कार, संस्कृति संवाहक) संस्था की ओर से कौशल्या कन्या इंटर कालेज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा मधुबला त्यागी ने की और संयोजन समाजसेवी धवल दीक्षित का रहा।

मुख्य वक्ता तरुण पाराशर ने कहा कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार मार्गशीष के शुक्ल पक्ष के 11वें दिन यानी एकादशी को कुरूक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध में अपने सगे संबंधियों को सामने देखकर अर्जुन को दुविधा में देखकर जो उपदेश दिए थे। जिसे गीता के रूप में संकलित किया गया। गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि हमारी जीवन पद्धति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गीता हमें ज्ञान के साथ जीवन जीने का तरीका भी सिखाती है। अगर हम गीता का अध्ययन करेंगे तो पाएंगे वह मार्गदर्शक के समान है। गीता हमें सिखाती है कि जब परिस्थितियां विपरीत हों तब हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए। वह सिखाती है कि हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए, संघर्ष कितना भी कठिन हो, जो साहस के साथ उनका सामना करता है, उसे सफलता निश्चित ही मिलती है। गीता हमें ईर्ष्या नहीं प्रतिस्पर्धा करना सिखाती है। श्रीकृष्ण गीता का उपदेश में हमें जीवन प्रबंधन भी सिखाता हैं। वह बताते है कि कर्म ही प्रधान है। कर्म करना ही हमारा उद्देश्य और प्रथम कर्तव्य है। फल की चिंता किए बिना, रूके बिना कर्म चाहिए, सफलता अवश्य मिलेगी। वहीं, संयोजक धवल दीक्षित ने छात्राओं को गीता को गीता का सार समझाया। बताया कि गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं। अर्जुन के प्रश्न हमारे और आपके जीवन में आने वाले झंझावत और समस्याएं हैं। श्रीकृष्ण अर्जुन की दुविधा का निवारण कर कर्म करने के लिए प्रेरित करते हैं। गीता हमारे जीवन, समाज के हर वर्ग का आधार है। आप उसे आत्मसात करते हैं तो न केवल अपने माता-पिता मान बढायेंगे अपितु राष्ट्र का गौरव भी बढ़ाएंगे। वहीं। प्रधानाचार्य मधुबाला त्यागी ने बताया कि हम सभी के कर्म निर्धारित हैं। शिक्षक का कार्य है अच्छी शिक्षा प्रदान करना और छात्रों का पढ़ाई करना। गीता के उपदेश का सार यही है कि सभी अपने कर्म और जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ करें। जब हर कोई अपना कार्य भलि भांति करेगा तो देश विकास करेगा।



## ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत अभियुक्त को 07 वर्ष के साधारण कारावास एव 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया

**रामपुर।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत जनपद रामपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त मौ0 अब्दुल्ला आजम खां पुत्र मौ0 आजम खां निवासी घेरमीजबाज खां टंकी नं0 झ 5 थाना गंज रामपुर को 07 वर्ष के साधारण कारावास एव 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है ।



# गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय में अंतर्विभागीय एवं अंतर्विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चान्दपुर-स्याऊ में समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में एक अंतर्विभागीय एवं अंतर्विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना एवं शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पण से किया गया। क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को आठ ग्रुपों में विभाजित किया गया। ग्रुप ए में अंश वर्मा एवं कुमारी अदीबा, ग्रुप बी में कुमारी सना एवं कुमारी नीतू, ग्रुप सी में कुमारी सफिया एवं कुमारी तूबा, ग्रुप डी में कुमारी नाजिया एवं कुमारी प्रीति, ग्रुप ई में कुमारी आसिया एवं कुमारी सफिया फातिमा, ग्रुप एफ में कुमारी हुदा रहमानी एवं कुमारी इरम, ग्रुप जी में मनीष एवं कुमारी आंचल तथा ग्रुप एच में कुमारी शिवानी तथा कुमारी सदिका को रखा गया। आरम्भ में दो क्वालीफाइंग राउंड हुए जिनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन कर आठ में से चार टीमों ग्रुप ए, ग्रुप सी, ग्रुप एफ तथा ग्रुप एच ने फाइनल राउंड में प्रवेश किया। फाइनल राउंड में अपने सटीक जवाबों से ग्रुप एफ के कुमारी हुदा रहमानी तथा कुमारी इरम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान ग्रुप सी की कुमारी सफिया तथा कुमारी तुबा ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान ग्रुप एच के कुमारी शिवानी तथा कुमारी सदिका ने प्राप्त किया। ग्रुप ए के अंश वर्मा तथा कुमारी अदीबा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में दर्शकों से भी प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर देने वालों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या प्रोफेसर साधना एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने पुरस्कार प्रदान किये। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने कहा कि महाविद्यालय में अकादमिक शिक्षा के अलावा, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व को गढ़ने में अहम भूमिका निभाती हैं। क्विज प्रतियोगिताएँ ज्ञान की सीमाओं का विस्तार करने का एक शक्तिशाली माध्यम हैं। इसलिए, हर विद्यार्थी को अपने ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। कार्यक्रम में प्रोफेसर महीपाल सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अखिलेश, डॉ. कुलदीप, डॉ. मोहम्मद साजिद अंसारी, आस मोहम्मद, सुरेंद्र सिंह, मोहम्मद आरिफ, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. संतोष देवी, डॉ. उदिता राजपूत, पूजा राजपूत, डॉ. अमित पुण्डीर, रामबिलास यादव आदि शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने किया।



# पुलिस प्रशासन मुस्तैद, झुग्गी झोपड़ियों में शुरू हुआ वेरिफिकेशन अभियान



**वेलकम इंडिया**

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश मिलते ही ताजनगरी आगरा में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में पुलिस टीमों ने झुग्गीझझोपड़ियों में रह रहे संदिग्ध लोगों का सघन वेरिफिकेशन अभियान चलाया। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास के नेतृत्व में पुलिस, लोकल थानों, एलआईयू (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट) और आईबी (इंटेलिजेंस ब्यूरो) की संयुक्त टीमों ने कई स्थानों पर दस्तावेजों की जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। नगर निगम से मांगी गई 3,000 कर्मचारियों की सूची डीसीपी ने बताया कि अवैध रूप से निवास कर रहे लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम से लगभग तीन हजार सफाईकर्मियों (आउटसोर्स और संविदा कर्मियों सहित) की सूची मांगी गई है। इस सूची में दर्ज नामों का वेरिफिकेशन कर उनकी पहचान, पते और आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि कई विभागों के आउटसोर्स कर्मचारियों का विस्तृत रिकॉर्ड मंगाया गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं इनमें कोई नॉन-रेसिडेंशियल, फर्जी पहचान वाले या अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक तो शामिल नहीं हैं। संयुक्त एजेंसियों की रिपोर्ट पर होगी कार्रवाई डीसीपी सैयद अली अब्बास ने स्पष्ट कहा कि सभी संदिग्ध व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच कर एलआईयू और आईबी से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच में किसी भी व्यक्ति के दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने या नॉन-रेसिडेंशियल होने की पुष्टि पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा कदम

पुलिस का यह अभियान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। शहर में अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों की मौजूदगी को लेकर इन दिनों सुरक्षा एजेंसियां सतर्क मोड में हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और हर झुग्गी बस्ती एवं अस्थायी निवास स्थलों पर नियमित जांच की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने शिशु सदन एवं बापू मॉल का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने शिशु सदन एवं बापू मॉल का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान शिशु सदन में रंगाई-पुताई एवं अन्य सुधारात्मक कार्यों का स्टीमेट तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिशु सदन के निकट स्थित खाली भूमि पर इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाए तथा हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे रात्रि में सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था सुचारू रहे। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद रामपुर को निर्देशित किया कि शिशु सदन की दीवार से सटी खाली भूमि पर वैंडिंग जोन विकसित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किले कि दीवारों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से सौंदर्यीकरण का कार्य कराये जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा लगाए गए होर्डिंग और विज्ञापन बोर्ड को हटाते हुए संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया जाए। बापू मॉल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मॉल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रकाश व्यवस्था सुधारने हेतु भी अधिशासी अधिकारी (ईओ) को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बापू मॉल में स्थित दुकानों के आवंटन के लिए कम धनराशि पर प्रस्ताव बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाए, ताकि दुकानों का आवंटन शीघ्रता से हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बापू मॉल गेट के बाहर रेहड़ी-पटरी व्यापारियों हेतु फूड़ मोबाइल यूनिट भी लगाए जाये, जिससे आजीविका संवर्धन को बढ़ावा मिल सके। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम, जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या उपस्थित रहीं।



# आगरा में 6 दिसंबर को लेकर पुलिस अलर्ट, धारा 163 लागू



**वेलकम इंडिया**

आगरा में 6 दिसंबर को अयोध्या में 1992 में हुए ढांचे ढहाए जाने की वर्षगांठ को लेकर पुलिस सतर्क मोड में आ गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने धारा 163 लागू कर दी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार के जुलूस, सभा, प्रदर्शन या उत्तेजनात्मक गतिविधि की अनुमति नहीं होगी। किसी भी उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरे शहर को 6 जोन और 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। हर जोन की कमान एक एसीपी को सौपी गई है, जबकि हर सेक्टर की जिम्मेदारी संबंधित थाना प्रभारी को दी गई है। इसके अलावा सभी संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल, मोबाइल वैन और पैदल गश्त बढ़ा दी गई है। 6 दिसंबर को लेकर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा कार्यक्रमों की तैयारी की जानकारी पुलिस को मिली है। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार का सार्वजनिक आयोजन, रैली या विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस की इंटेलिजेंस टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

# विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** भारत गार्डन में बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा की गई कड़ी मेहनत सराहनीय है और वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक 96.5 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो सभी बीएलओ एवं निर्वाचन कार्मिकों के समर्पण का परिणाम है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार गणना प्रपत्रों के डिजिटाईजेशन कार्य को 11 दिसम्बर 2025 तक हर स्थिति में पूर्ण कराया जाए। मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 16 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि 16 दिसम्बर के बाद नोटिस जारी किए जाएंगे, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी कार्य समयबद्ध एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाएं। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, मतदाता विवरण सत्यापन तथा डेटा मिलान संबंधी विस्तृत जानकारी जनपद के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दी ।जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बीएलओ एवं सुपरवाइजर सजगता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। गणना प्रपत्र में दर्ज की जाने वाली प्रत्येक जानकारी त्रुटिरहित होनी चाहिए, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े तथा अपात्र अथवा मृत व्यक्तियों के नामों को हटाने की कार्रवाई निर्धारित नियमों एवं समयसीमा के अन्तर्गत की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटाईजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे तथा मतदाताओं की मैपिंग से संबंधित कार्य को प्राथमिकता एवं सतर्कता के साथ सम्पन्न किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि वर्तमान में जनपद में निवासरत परिवारों के पात्र सदस्यों को ही मतदाता के रूप में शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण एवं बीएलओ उपस्थित रहे।



# ग्रामवासियों की समस्याओं का सशक्त समाधान मंच है ग्राम चौपाल : सीडीओ

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड जोगिया स्थित ग्राम पंचायत बुढ़नईया में शुक्रवार को गांव की समस्याओं को गांव में ही समाधान करने की मंशा से ग्रामीण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से भारी संख्या में अधिकारी पहुंचे। ग्राम चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बलराम सिंह ने की। उन्होंने गांव वालों से सीधे संवाद कर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ब्लॉक स्तरीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे और चौपाल का उद्देश्य भी यही है कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान स्थल पर ही सुनिश्चित किया जा सके।योजनाओं की विस्तृत जानकारी सीडीओ बलराम सिंह ने बृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, व्यक्तिगत शौचालय सहित कई योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से तत्काल आवेदन करने और योजना में पारदर्शिता बनाए रखने का आह्वान किया।अधिकारियों ने सुनीं गांव की समस्याएँ

चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने पेयजल, आवास, सड़क, शौचालय, पेंशन और मनरेगा भुगतान जैसी समस्याएँ सामने रखीं। अधिकारियों ने समस्याओं का बिंदुवार संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी मुद्दों का निस्तारण किया जाएगा।कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी चौपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें—डीडीओ सतीश सिंह, खंड विकास अधिकारी रामानंद वर्मा, सचिव अभिषेक त्रिपाठी, सचिव मोहम्मद मुस्तफा, एडीओ पंचायत प्रदीप सिंह, एआरओ रत्नेश कुमार, एडीओ कुलदीप यादव, एडीओ करइ प्रमोद यादव, बीएमएम शिवकुमार, तकनीकी सहायक तारकेश्वर, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, सहित अन्य विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने की सराहना ग्रामीणों ने चौपाल कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गांव में अधिकारियों की सीधी मौजूदगी से समस्याओं का समाधान आसान होता है और योजनाओं की वास्तविक जानकारी भी मिलती है।

# नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा द्वारा स्वामी विवेकानन्द विद्यालय, दामोदरपुरा, आगरा रोड, मथुरा में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारम्भ यामिनी रमण आचार्य द्वारा भगवान श्री गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने संस्था के सेवा कार्यों को सराहते हुए कहा कि कल्याणं करोति संस्था द्वारा विगत कई दशकों से गरीब, असहाय एवं दिव्यांगजन के लिए जो नेत्र एवं सामाजिक सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं, वह अत्यंत प्रशंसनीय हैं। संस्था महासचिव श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा समाजहित में किया जा रहा कार्य अनुकरणीय है।विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने शिविर का निरीक्षण कर संस्था की निःस्वार्थ सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नेत्र शिविर सीधे तौर पर गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को लाभ पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। संस्था की सेवा भावना व प्रतिबद्धता वंदनीय है।

कार्यक्रम संयोजक प्रहलाद पाण्डेय ने जानकारी दी कि संस्था के सचल नेत्र चिकित्सा वाहन द्वारा 189 नेत्र रोगियों की जाँच की गई। इनमें से 18 मरीजों को चश्मे प्रदान करने तथा 28 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। सभी चयनित मरीजों को संस्थान द्वारा उपचार हेतु कल्याणं करोति नेत्र संस्थान पहुँचाया गया। शिविर में महेन्द्र चौधरी, योगेश शर्मा, योगेन्द्र सिंह, गोविन्द सिंह, ऋषि शर्मा, पवन, ज्योति पाल, मोनिका चौधरी सहित अनेक सहयोगी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### बिजली विभाग समाधान योजना के लिए यूसुफपुर में लगा कैम्प



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** बिजली विभाग उपभोक्ताओं को दौड़-भाग से बचाने के लिए जगह-जगह कैम्प लगाकर उनकी मुश्किलों को आसान कर रहा है। उपभोक्ता कैम्पों पर पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं, इससे उन्हें बिजली का बकाया बिल किश्तों में जमा करने की सुविधा मिलेगी और साथ ही सरचार्ज से भी छूट विभाग दे रहा है। शासन ने बकायेदारों को बिजली बिल जमा करने की सुविधा दी। शुक्रवार को बर्डपुर के यूसुफपुर में बिजली विभाग की ओर से एक मुश्त समाधान योजना का लाभ पहुंचाने के लिए कैम्प लगाया गया। वहीं उपभोक्ता जो अधिक बकाया होने की वजह से अब तक नहीं जमा कर सके हैं। ऐसे बकाएदारों को बकाया बिजली किश्तों में देने की सुविधा दी जा रही है। उनकी मासिक किश्त बंध जायेगी, जो हर माह आने वाले बिजली बिल के साथ आयेगी। उसे नई बिल के साथ जमा करना होगा। वहीं यूसुफपुर मे लगे बिजली विभाग के कैम्प में सदर विधायक श्यामधनी राही ने लोगों को जागरूक किया। बिजली विभाग समाधान कैम्प में जेई अरुण कुमार, संविदा कर्मी सन्तोष यादव, रामजीत गौड़, बाबूलाल, गोपाल मौर्या, राकेश गौतम, होली प्रधान सहित तमाम लोग उपस्थिति रहे।

### दिव्यांग बच्चों को किया गया सहायक उपकरणों का वितरण



**मथुरा/बलदेव।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निदेर्शानुसार (समग्र शिक्षा और पी0एम0श्री0 योजना के अंतर्गत) समेकित शिक्षा और एलिम्को कानपुर के सहयोग से परिषदीय विद्यालयों में नामांकित 6 से 14 वर्ष के दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दिव्यांग जनों को सहायक उपस्कर उपकरण यंत्र (कान की मशीन,ट्राई साइकिल, कैलीपर,व्हील चेयर, सीपी चेयर, टीएलएम किट आदि )के वितरण हेतु विकास खण्ड स्तर पर उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र बलदेव पर किया गया। जिसमें इस अवसर पर 9 बच्चों को ब्रेल किट,14 बच्चों को कान की मशीन,11 बच्चों को सीपी चेयर,9 बच्चों को रोलेटर,8 बच्चों को ट्राई साइकिल,40 को व्हील चेयर,114 को टीएलएम किट आदि उपकरण सभी 209 बच्चों को वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश ने बच्चों को उपकरण वितरित किए। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति,प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव रंजना सचान,चेयरमैन बलदेव डॉ.मुरारी लाल अग्रवाल, सीडीपीओ बलदेव सुमनलता,खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव कौशल कुमार,पूर्व चेयरमैन कमल कुमार पांडेय एवं समस्त स्पेशल एजुकेटर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षिका गीता रावत , रूबी शाक्य ,प्रीति का विशेष सहयोग रहा।संचालन गौरीशंकर ने किया।

### 22 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी पेंशन अदालत

**मथुरा।** वरिष्ठ कोषाधिकारी मुन्ना लाल शुक्ल ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी महोदय के आदेशानुसार दिनांक 22 दिसंबर 2025 को अपराह्न 1:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशन अदालत आयोजित किया जाना है। जिन पेंशन भोगियों को पेंशन सम्बन्धी कोई समस्या हो तो वह अपनी समस्या सम्बन्धी वाद पत्र दो प्रतियों में वरिष्ठ कोषाधिकारी, मथुरा कार्यालय में दिनांक 15 दिसंबर 2025 तक प्रस्तुत करने का कष्ट करें। आयोजित पेंशन अदालत में केवल वही पेंशन भोगी अपने प्रत्यावेदन के साथ उपस्थित होगें, जिनकी कोई पेंशन सम्बन्धी समस्या हो। पेंशन अदालत में प्राप्त वाद पत्रों के क्रम में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष भी निराकरण सहित उपस्थित होगें।

# हाइवों के किनारे खुले अवैध कट को पुलिस ने कराया बंद

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र में हाइवों के किनारे अवैध एवं अनावश्यक रूप से बने कटों को शुक्रवार को मिजार्मुराद पुलिस पीएसी बल के साथ बंद करवा दी।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि हाइवों के किनारे अवैध रूप से खुले कटों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी जिसको लेकर बीते दिनों डीसीपी आकाश पटेल व एडीसीपी वैभव बांगर ने हाइवों पर भ्रमण कर निरीक्षण किये थे। जिसके बाद आदेश जारी हुआ था कि ढाबों/होटल व पेट्रोल पंप के सामने बना यह अनावश्यक कट अत्यधिक दुर्घटना-प्रवण है जहां अवैध रूप से वाहन आवागमन होने के कारण आमजन की सड़क सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है जिसको लेकर सभी कट बंद कर दिया गया है।इस दौरान कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल, खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी, एसआई रामचन्द्र यादव, संदीप सिंह, साबिर खान, मधुसूदन त्रिपाठी, अविनाश सिंह, अनुजा गोस्वामी समेत पीएसी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

# कलश शोभायात्रा के साथ सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ


वेलकम इंडिया



**मथुरा।** गोवर्धन मथुरा रोड़ स्थित गिरिराज धाम आश्रम में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हुआ। लौठेश्वर महादेव मंदिर पर परीक्षित बने गिरिराज दंडौतिया ने सपत्नीक पूजा कर कथा स्थल तक गाजे-बाजे के मध्य श्रीमद्भागवतजी की भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं पीत वस्त्र पहने सिर पर मंगल कलश धारण किए निकलीं।इसके अलावा भक्त-श्रृद्धालु श्रीहरिनाम संकीर्तन करते हुए शोभायात्रा में साथ रहे।

श्रीमद्भागवत महोत्सव में प्रथम दिन व्यास पीठ से आचार्य पं श्री हरेकृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि कलयुग में जीव के कल्याण के लिए यदि सबसे सरल उपाय कोई है, तो वो श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा है।इस ग्रंथ का श्रवण करने से धुंधकारी जैसा महापापी भी प्रेत योनि से मुक्त हो गया था, इसीलिए इस ग्रंथ को मुक्ति पंथ कहा गया है। श्रीमद्भागवत मानवीय जीवन के बहुमूल्य सूत्रों और सिद्धांतों की संहिता है।इस ग्रंथ के श्रवण करने से जीवन तो जीवन, मृत्यु भी सुख मय बन जाती है।साथ ही इसमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के सूत्र और सिद्धांत तथा समाधान निहित हैं। इस अवसर पर ठा अमर सिंह डंडौतिया, कमलेश डंडौतिया (पहलवान), गिरिराज डंडौतिया, भूरी देवी, राजेन्द्र डंडौतिया, महंत प्रेमदास महाराज, जगदीश गोकुलिया, आकाश डंडौतिया, विकास डंडौतिया, रमन, जय कुमार, मुन्ना सहित तमाम लोगों ने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का अमृत पान किया।

# पूर्णिमा पर तलहटी में उमड़े श्रद्धालु पुलिस ने वैरियर लगाकर रोके वाहन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर गिरिराज तलहटी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दानघाटी मंदिर क्षेत्र और परिक्रमा मार्ग पर भक्तों के आने से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए गोवर्धन पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए। ड़ीग अड्डा व सौंख अड्डा पर वैरियर लगाकर सभी प्रकार के वाहनों और ई-रिक्शों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। केवल पैदल श्रद्धालुओं को ही परिक्रमा मार्ग और दानघाटी मंदिर की ओर जाने की अनुमति दी गई। खास बात यह रही कि थाना प्रभारी रवि त्यागी स्वयं मौके पर डटे रहे और वैरियर पर खड़े होकर वाहनों को रोकते नजर आए। उन्होंने किसी भी वाहन को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया ताकि भक्तों की परिक्रमा और दर्शन सुगमता से हो सके। पुलिस की इस मुस्तैदी से जहां श्रद्धालुओं को जाम से राहत मिली, वहीं परिक्रमा मार्ग पर पैदल चलने वाले भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने गिरिराज महाराज के दर्शन कर दूध चढ़ाया और परिक्रमा की लगाई। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील कि की वाहन बाहर ही खड़े करें ताकि किसी को परेशानी न हो।

# हाथों में गन्ना और खेतों में बैठकर किसानों ने सुनाई समृद्धि की कहानी

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक के वैठ गांव में शुक्रवार को कृषि चौपाल लगी, जहां 500 से अधिक किसान उपस्थित रहे। हाथों में गन्ना लेकर और खेतों में खाट पर बैठकर किसानों ने अपनी ह्यसमृद्धिह्न की कहानी सुनाई। योगी सरकार को इसका श्रेय देते हुए आत्मविश्वास से लबरेज किसानों ने जीवन में आए बदलाव का भी जिक्र किया।

कृषि चौपाल में किसानों ने गन्ना मूल्य में की गई वृद्धि के लिए योगी सरकार के प्रति आभार जताया। खास बात यह रही कि कृषि चौपाल का आयोजन भी किसानों ने ही किया और इसमें भागीदारी भी सिर्फ किसानों की ही रही। किसानों ने एक स्वर में कहा कि योगी सरकार ने हमारा ध्यान रखते हुए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की। इस खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकतें।पहली ही कैबिनेट में योगी जी ने माफ किया किसानों का ऋण।किसानों ने कहा कि पिछली दो सरकारों के 10 वर्ष में गन्ना मूल्य एक रुपये भी नहीं बढ़ा। योगी जी ने 08 वर्षो में 35% से ज्यादा मूल्य बढ़ाया है। पहली कैबिनेट में योगी जी ने किसानों के ऋण की माफी की। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीएम योगी अन्नदाता किसानों के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील हैं।अब समय से भुगतान कर रहीं चीनी मिलें।कृषि चौपाल में किसान मास्टर जमील अहमद व हसरत अली ने कहा कि 2017 से पहले किसानों की सिर्फ दुर्गति ही होती थी। सरकारों को गन्ना किसानों की सुध नहीं थी, लेकिन अब सीएम योगी आदित्यनाथ स्वयं गन्ना किसानों से संवाद करते हैं। गन्ना मूल्य में निरंतर वृद्धि भी की जा रही है। अब चीनी मिलों के लिए गन्ना कम पड़ रहा है। किसान उन्नत किस्म के गन्ना उत्पादन की ओर हैं।सीएम योगी के कारण हुआ संभव, अब मोबाइल पर मिल रही पर्ची।किसान आफक खान व ताज मोहम्मद ने कहा कि एक समय था कि जब गन्ना रखे-रखे सूख जाता था और पर्ची नहीं मिलती थी। आज मोबाइल पर पर्ची मिल रही है। आलू-गन्ना, चना-गन्ना, सरसों-गन्ना, पत्ता गोभी गन्ना जैसे सहफसली खेती का अवसर मिला है। आमदनी बढ़ी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी सोच व मार्गदर्शन में ही यह संभव हो पाया।

इस दौरान नरेंद्र त्यागी, गिरीश कुमार चौहान, अमित कुमार, मोहम्मद नाजिम, शाहिद, मोहम्मद हसरत, रिहान आदि किसानों ने अपनी बातें रखीं।शनिवार को हापुड़ के अखापुर और 7-8 को शामली में लगेगी चौपाल शनिवार को कृषि चौपाल हापुड़ के गढ़ मुक्तेश्वर ब्लॉक के अखापुर गांव में लगेगी। इसके पश्चात शामली में कृषि चौपाल के लिए 7 दिसंबर को गेहरनी व 8 दिसंबर को बुच्चाखेड़ी गांव का चयन किया गया है। 10-11 दिसंबर को मुजफ्फरनगर के यहियापुर व दाहोद गांव में कृषि चौपाल लगाई जाएगी।

# श्री जी की रथ यात्रा एवं घट यात्रा से शुरू हुआ पंचकल्याणक महामहोत्सव

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी





**मेरठ।** शुक्रवार को शुरू हुए पंचकल्याणक महोत्सव के प्रथम दिन श्री जी की रथ यात्रा एवं घट यात्रा का जुलूस कमला नगर जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ हाथी वाले रथ में श्री जी को विराजमान किया गया तथा हजारों की संख्या में महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर जुलूस में शामिल हुई बैंड बाजों की मधुर लहरियो का आनंद लेते हुए सभी भक्तगण नाचते हुए अयोध्या नगरी श्री रामलीला मैदान की ओर प्रस्थान करा रास्ते में अनेक स्थानों पर श्री जी की व उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी महाराज ससंघ की आरती भी की गई जुलूस के साथ-साथ रहे नमन शास्त्री ने सभी धार्मिक क्रियाएं एवं मंत्र उच्चारण के साथ प्रदीप परिवार व अजय परिवार द्वारा ध्वजारोहण व अन्य अनुष्ठान संपन्न कराऐ साथ ही डॉ.पी.के.जैन ने पंडाल उद्घाटन किया इसके उपरांत उपाध्याय श्री 108 वर्षभानंद महाराज का प्रवचन हुआ जिसमें महाराज श्री ने बताया कि यह पंचकल्याणक महामहोत्सव अभूतपूर्व होगा आपका इतना विशाल पंडाल भी छोटा पड़ जाएगा।

कार्यक्रम में ऋतुराज जैन अध्यक्ष सहित प्रबंधकारणी कमेटी ने भी सहभाग किया। साधु सेवा समिति के सभी सदस्य एक ही वेशभूषा में कार्यक्रम को और भी आकर्षित बना रहे थे। उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक भोज का आनंद लिया शाम के समय भजन सम्राट मयूर जैन इंदौर द्वारा भजन संध्या ने समा बांध दिया जिसमें उन्होंने भजन हम तो है लाडले वामा के लाल के गजब मेरे तिखाल वाले, मधुबन में मेरी एक कुटिया बनवा दो ना औ मेरे बाबा पारसनाथ, जैनों की शान निराली नया मंदिर ये मेरठ नगर की शान हो गया। इन भजनों को सुनकर उपस्थित अपार जन समूह घूमने नाचने के लिए मजबूर हो गया। कार्यक्रम चेयरमैन वीरेंद्र मंदिर पुणयार्जक परिवार प्रदीप जैन जी दीपक जैन जी ऋषभ जैन अजय जैन आलोक जैन विपिन जैन संजय जैन कलश अभिनव जैन संजीव जैन प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे।

# युवा कल्याण विभाग मथुरा द्वारा आयोजित 'युवा महोत्सव 2025' सफलतापूर्वक संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** युवाओं की रचनात्मकता, कला और वैज्ञानिक सोच को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से युवा कल्याण विभाग, मथुरा द्वारा 'युवा महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन बी0एस0ए0 कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। इस महोत्सव में जिले भर के युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महोत्सव का शुभारंभ एक गरिमामय समारोह के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रेम शंकर गौतम ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया।

मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

महोत्सव में सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रतियोगिताओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी, जिसमें लोकगीत (समूह), लोक नृत्य (समूह), कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, और भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त विज्ञान मेला आकर्षण का केंद्र रहा, जहाँ रमन लाल सोरा वाला स्कूल के छात्रों ने विज्ञान से संबंधित उत्कृष्ट एवं व्यावहारिक प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए, जिनकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम का समापन समारोह उपनिदेशक वी.सी. श्रीवास्तव (युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल, आगरा मंडल) की अध्यक्षता में हुआ। जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा उपनिदेशक महोदय का स्वागत किया गया। श्रीवास्तव ने विभिन्न विधाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को अपने कर-कमलों से पुरस्कार वितरित किए और उन्हें आने वाले भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सहयोग एवं निर्णायक मंडलः इस पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में श्रीमती स्वाति पाण्डेय (कार्यक्रम प्रभारी), रवि बाबू शर्मा, तरुण गौतम (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी) राहुल कुलश्रेष्ठ (कनिष्ठ सहायक) का विशेष एवं अमूल्य योगदान रहा। प्रतियोगिताओं के परिणामों का निष्पक्ष निर्धारण निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें अरुण रावल, श्रीमती सीमा मोरवाल, और श्रीमती वीनेश शामिल थे। युवा महोत्सव 2025 मथुरा के युवाओं के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक आयोजन साबित हुआ।

## मामा ने हड़पे भांजे के छप्पन लाख बानवें हजार रुपए

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर ।** बादशाहपुर तालाब निवासी एक व्यक्ति से उसके मामा और मामा को बेटे ने पांच बीघा जमीन का सौदा कर छप्पन लाख बानवें हजार रुपए ऐंठ लिए। मोटी रकम वसूल कर मामा जमीन का बैनामा करने से मुकर गया और पैसे वापस मांगने पर जान से हाथ धो बैठने की धमकी देने लगा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है। नामजद दोनों आरोपी फरार हैं। ग्राम बादशाह पुर तालाब निवासी अरविंद कुमार शर्मा पुत्र अनिल कुमार शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि उसके मामा ब्रजमोहन शर्मा पुत्र रमेश चंद्र शर्मा निवासी ग्राम क्वारसी जनपद बुलंदशहर ने अपने पुत्र चंद्र कांत शर्मा के साथ मिलकर उसे पांच बीघा जमीन सत्तावन लाख पचास हजार रुपए में बेचना तय किया।

# ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने के विरोध में सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन के तहत दिया धरना



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** ग्राम पंचायत अधिकारी/ ग्राम विकास अधिकारी संघ जनपद संतकबीरनगर के आह्वान पर शुक्रवार को सेमरियावा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अधिकारी/ ग्राम विकास अधिकारी ने आनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने व मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागो के कार्य कराने के विरोध में सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन के तहत धरना दिया। दस सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्य सचिव को सम्बोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौपा।

सेमरियावा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अधिकारी/ ग्राम विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी/ ग्राम विकास अधिकारी संघ जनपद संतकबीरनगर के आह्वान पर शुक्रवार को आनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने व मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागो के कार्य कराने के विरोध में सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन के तहत धरना दिए।

इस दौरान मुख्य सचिव को सम्बोधित दस सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सौंपा। इस अवसर पर योगेंद्र गौड़, कुणाल राज सिंह, प्रवेश कुमार सिंह, गुलाब चन्द्र, विमला यादव, राहुल यादव, असादुल्लाह खां, अस्तित्व कुमार, रजनी सिंह, अनिल चौधरी, लवकुश, संतोष पाण्डेय, अलाउद्दीन आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### रक्तवीर संस्था (रजि.) के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 07 दिसम्बर को



वेलकम इंडिया डॉ. गोपाल चतुवेर्दी

वृन्दावन। गौरा नगर कॉलोनी स्थित चार संप्रदाय आश्रम में रक्त दान के क्षेत्र में अग्रणी रक्तवीर संस्था (रजि.) के द्वारा सद्भावना ब्लड बैंक, मथुरा के सहयोग से 61 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 07 दिसम्बर 2025 को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04 बजे पर्यन्त आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए रक्तवीर डॉ. राधाकांत शर्मा ने बताया कि थैलिसीमिया बीमारी से ग्रस्त बच्चों के लिए रक्तवीर संस्था द्वारा समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाता है ।क्योंकि थैलिसीमिया बीमारी से ग्रस्त बच्चों को प्रति महीने 2 से 3 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है ।जिससे उनके जीवन की रक्षा होती है। रक्तवीर संस्था के संस्थापक मुकेश अग्रवाल, सचिव मोहन वल्लभ शर्मा एवं कोषाध्यक्ष गिरधर शर्मा ने सभी नगर वासियों से इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर रक्तदान करने की अपील की है।

### समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार, 06 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। इसी दौरान भारत निर्वाचन आयोग की चल रही रकफ प्रक्रिया की समीक्षा भी की जाएगी। आयोग द्वारा रकफ प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर से बढ़ाकर 11 दिसम्बर कर दी गई है। रकफ प्रगति समीक्षा के प्रभारी जनाब जावेद अली खान की शेष पाँच विधानसभाओं की बैठक का कार्यक्रम विधानसभा वार जारी किया जाएगा। पार्टी ने सांसद, विधायक, पदाधिकारियों, सेक्टर व बूथ प्रभारी सहित सभी कार्यकताओं से समय से उपस्थित होने की अपील की है।

# डिजिटल अरेस्ट, फर्जी वारंट से डरे नहीं पुलिस को सूचना दें: जय प्रकाश चौबे

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में साइबर क्राइम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन कमरे आलम सिद्दीकी ने किया। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश चौबे ने कहा कि किसी भी प्रकार की ओटीपी, बैंक डिटेल या पर्सनल जानकारी साझा ना करें। अगर कोई व्यक्ति खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर ऑनलाइन जुमार्ने की मांग करें तो तुरंत सतर्क हो जाइए। सत्यापन के लिए स्थानीय पुलिस स्टेशन या साइबर हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और साइबर अपराध की तुरंत रिपोर्ट करें।

थानाध्यक्ष दुधारा अरविंद शर्मा ने कहा कि डेटिंग एप से सावधान रहें। साइबर अटैक फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। ये ठग पहले दोस्ती करते हैं फिर नजदीकी बढ़कर आपकी निजी जानकारी हासिल कर लेते हैं और बाद में ब्लैकमेल या पैसों की मांग करने लगते हैं। केवाईसी अपडेट के नाम पर भी फ्रॉड हो रहा है। केवाईसी अपडेट करने पर बैंक खाते बन्द होने का डर दिखाकर यूजर से पर्सनल डिटेल जैसे ओटीपी, पैन कार्ड नंबर, आधार कार्ड नंबर, जन्मतिथि, माता-पिता का नाम इत्यादि मांगते हैं और बाद में आपके साथ फ्रॉड हो जाता है। इसके पूर्व बच्चों को साइबर क्राइम से संबंधित पंपलेट बांटे गए और उनसे सेमिनार में प्राप्त जानकारी को परिजनों और आसपास के लोगों में शेयर करने का अनुरोध किया गया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत और उनका आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी उपनिरीक्षक रमेश यादव, हेड कांस्टेबल हिंदे आजाद, मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, मुहम्मद परवेज अख्तर, हकीमुल्लाह, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद, अखिलेश कुमारी, सबीह अहमद, असादुल्लाह, अवधेश कुमार तिवारी, रफी अहमद अंसारी, आरिफ अली आदि मौजूद रहे।

# तहसील इकाई के गठन के साथ होगा परिचय पत्र का वितरण : महबूब पठान

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मेहदावल तहसील इकाई का गठन एवं नवनिर्वाचित पत्रकारों को परिचय पत्र वितरण का आयोजन आगामी 7 दिसंबर को मेहदावल ब्लॉक सभागार में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर वर्तमान परिवेश में पत्रकारों की चुनौतियों, दायित्वों और उनकी सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित एक विशेष गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी करेंगे। साथ ही चुनाव की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु मंडल मंत्री बस्ती सतीश चंद्र मिश्रा को चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया गया है। उनके मार्गदर्शन में तहसील इकाई के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। एसोसिएशन का उद्देश्य तहसील स्तर पर सक्रिय पत्रकारों को संगठित करना, उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करना तथा पत्रकारिता को सशक्त और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

इस अवसर पर तहसील क्षेत्र के सभी पत्रकार साथियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम संयोजक एवं निवर्तमान तहसील अध्यक्ष महबूब पठान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत बनता है जब उसके सदस्य एकजुट होकर कार्य करें। नए सत्र में एसोसिएशन पत्रकारों की व्यावसायिक समस्याओं, मान्यता संबंधी मुद्दों व क्षेत्रीय विकास कार्यों में मीडिया की भागीदारी को और सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगी।

मेहदावल ब्लॉक सभागार में होने वाला यह कार्यक्रम न सिर्फ संगठनात्मक मजबूती का अवसर होगा, बल्कि पत्रकारों को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और वर्तमान समय की चुनौतियों पर गंभीर मंथन का महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करेगा। सभी सदस्यों से अपेक्षा है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने में सहयोग दें।

# डीएम की अध्यक्षता में तामेश्वरनाथ धाम कारीडोर बनाए जाने के संबंध में बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में तामेश्वरनाथ धाम कारीडोर बनाए जाने के संबंध में प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक संबंधित अधिकारियों, स्थानीय लेखपाल व स्थानीय काश्तकारों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा तामेश्वरनाथ धाम भ्रमण के दौरान तामेश्वरनाथ धाम कारीडोर बनाए जाने की घोषणा के क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित आज की बैठक में उन्होंने कहा कि तामेश्वरनाथ धाम के स्थानीय काश्तकारों, भवन स्वामियों द्वारा सहमति के बाद ही अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 26 मई 2025 को तामेश्वरनाथ धाम भ्रमण के दौरान तामेश्वरनाथ धाम कारीडोर बनाए जाने की घोषणा की गई। पर्यटन विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में उक्त योजना को अनुमोदित किया गया है। कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0एस0 जल निगम इकाई-20 संतकबीरनगर द्वारा कारीडोर का प्रस्ताव वास्तुविद छत्रछाया आर्किटेक्चरल स्टूडियो, लखनऊ के माध्यम से तैयार कराया गया, जिसमें स्थल पर कारीडोर निर्माण हेतु राजस्व विभाग एवं वास्तुविद द्वारा आवश्यक भूमि का सर्वे कार्य पूर्ण किया गया है। राजस्व विभाग व वास्तुविद के प्रारंभिक डिजाइन के अनुसार कुल 21500 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता बताई गई है। जिसके क्रम में लेखपाल द्वारा कुल भूमि 2.346 हेक्टेयर चिन्हित कर ली गई है।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय ग्राम प्रधान सहित काश्तकारों/प्रभावितों के साथ तामेश्वरनाथ धाम कॉरिडोर बनाए जाने के संबंध में भूमि अधिग्रहण आदि के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में पर्यटन विकास प्रत्येक दृष्टि से स्थानीय निवासियों के हित में होता है और प्रत्येक स्तर पर स्थानीय काश्तकारों/प्रभावितों के हित को प्राथमिकता दी जाएगी।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद ओझा, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण बैजनाथ वर्मा, राजस्व निरीक्षक रामचरन, लेखपाल राजेश कुमार, सौरभ मिश्रा, ग्राम प्रधान राम सुरेश पासवान, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी व तामेश्वरनाथ धाम के स्थानीय काश्तकार आदि उपस्थित रहे।

# 70 वर्षीय बुजुर्ग लापता, परिजनों ने कराई थाना बड़ौत में गुमशुदगी दर्ज

वेलकम इंडिया




**बागपत।** थाना बड़ौत क्षेत्र के गाँव बिजरौल से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो पुलिस में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई है।

लापता व्यक्ति का नाम ओमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय ईश्वर सिंह हैं ।जिनकी उम्र लगभग 70 वर्ष बताई गई है। वे दिनांक 5 नवंबर 2025 से घर से अचानक कहीं चले गए, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका ।ओमप्रकाश के छोटे भाई विनोद कुमार निवासी बिजरौल ने थाना बड़ौत में तहरीर देकर बताया कि परिजन अपने स्तर पर लगातार उनकी खोज कर रहे हैं, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है ।तहरीर के आधार पर थाना बड़ौत पुलिस ने 16 नवंबर 2025 को लगभग 3 बजे गुमशुदगी दर्ज कर ली है। मामले की जाँच उपनिरीक्षक रामकुमार को सौंपी गई है। पुलिस ने बताया कि लापता व्यक्ति की फोटो प्राप्त कर गश्ती तलाश की कार्यवाही शुरू की जा रही है तथा डीसीआरवी को सूचना भेजी जा रही है ।थाना प्रभारी बड़ौत ने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बुजुर्ग की तलाश के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। आसपास के इलाकों में भी सूचना प्रसारित की जा रही है। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग को जल्द से जल्द ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है।

# 50 साल पहले जन्में लोगों के प्रमाण पत्र बनाने पर महापौर ने लगायी फटकार

वेलकम इंडिया





**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज अपर नगरायुक्त मृत्युंजय को साथ लेकर जन्म-मृत्यु प्रमाण विभाग का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रमाणपत्र बनवाने आये अनेक लोगों से भी बात की और रजिस्टरों व कम्पयूटर पर भी प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। रजिस्टरों में खाली पेज छोडे.जाने व सीरियल नंबरों के मेल न खाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए सम्बंधित बाबू को जमकर फटकार लगायी। उन्होंने इस बात पर कड़ी आपत्ति जतायी कि एक क्षेत्र विशेष के 50-60 साल पहले जन्में लोगों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में मदद की जा रही है। उन्होंने अपर नगरायुक्त व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के वरिष्ठ प्रभारी मृत्युंजय को सम्बंधित बाबू व अन्य दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा गत पांच वर्ष की फाइलों का ऑडिट कराने के निर्देश दिए।

महापौर डॉ. अजय कुमार आज दोपहर आकस्मिक निरीक्षण के लिए जन्म-मृत्यु प्रमाण विभाग पहुंचे और प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों से उनके आने का कारण पूछा। दो लोगों ने बताया कि वे जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आए हैं। पूछने पर एक व्यक्ति ने बताया कि उसका जन्म 1972 का है, एक अन्य दूसरे व्यक्ति ने भी 2008 में जन्में बच्चे का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ऑन लाइन आवेदन की जानकारी दी। महापौर ने उक्त लोगों से पूछा कि आखिर अब उन्हें जन्म प्रमाण पत्र की क्या जरुरत पड़ रही है, और अब तक क्यों नहीं बनवाया ? इस पर महापौर ने डिस्पैच रजिस्टर व मुख्य रजिस्टरों की जांच की। महापौर ने पाया कि रजिस्टरों में नंबर डालकर खाली छोडे.गए है तथा पेज भी खाली छोडे.गए हैं।

उन्होंने निरीक्षण में पाया कि एक क्षेत्र विशेष के वर्ष 1966, 1967 व 1968 में जन्में लोगों के जन्म प्रमाण पत्र भी बनाये गए हैं

# मख्दूम अब्दुल हक रुदौलवी के 609वाँ उर्स में रस्मे गागर वा दरगाह शरीफ में शाह मोहम्मद अली आरिफ सुब्बु मियां ने चिरागा किया

वेलकम इंडिया/फतेह खान



**रूदौली, अयोध्या।** साबरी सिलसिले के अजीम बुजुर्ग हजरत मखदूम अहमद अब्दुल हक रूदौलवी के 609वॉं उर्स में कल बाद जुमा साबरी लंगरखाना में फातिहा खुवानी जिसमें आए हुए सभी जायरीन को लंगर तकसीम किया गया । नमाज असर के वक्त गागर भरी गई नमाज मगरिब से पहली अस्ताना हजरत शेखुल आलम में सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद अली आरिफ ‡सूब्बू मियां‡ ने चिरागा किया जिनके साथ सैकड़ों लोगों शामिल थे । आए हुए सभी जायरीनो के लिए मजार पर दुआ किया उसके बाद कदीम खानकाह हजरत शेखुल आलम में हाफिज मोहम्मद फुरखान रजा, एवं हाफिज अजमत अली की दस्तारबंदी की गई जिनको मदरसा जामियातुल हक के उस्ताद मौलाना मोहम्मद सलीम कादरी चिश्ती की निगरानी में हफिजा मुकम्मल किया।

उत्तराखंड से आए मौलाना मोहम्मद जाहिद रजा पूर्व हज एवं वक़्फ मंत्री उत्तराखंड ने बहतरीन खिताब कर के लोगों का दिल जीत लिया ....

शेखुल आलम कांफ्रेंस में दो किताबों का रस्मे इजरा किया गया । कुछ लोगों को शेखुल आलम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया ।

में देर रात तक महफि ल ए समा कव्वाली होती रही देश के नामवर कव्वालों ने उर्दू, हिंदी वा फारसी में कलाम सुनाया महफि ल अपने पूरे शबाब पर थी हक फाउंडेशन के सदर शाह आमिर तबरेज, शाह फारूक अहमद, शाह अनवार अहमद शाह उस्मान अहमद, शाह यक ीन अहमद, ऐनान मसूद अंसारी, शाह नासिर, शाह गौस अहमद, शाह शारिक अहमद,शाह सईद अहमद, शाह नूर अहमद, शाह फरीद अहमद, शाह इकबाल अहमद, शाह सरफराज अहमद, सय्यद रूमी, सय्यद रिजवान उल्लाह, शाह नोमान अहमद, मोहम्मद शुऐब, खुर्शीद अहमद, मास्टर इलियास शाह रेहान अहमद, शाह तालिब अहमद, शाह साबित अहमद नावेद अहमद, यासिर कलीम, मंसूर अहमद, समेत तमामी खानवादे मौजूद रहे।

# मतदाता कोई छूट ना पाये कार्यकर्ता घर-घर जायें : सुधीर सिंह

वेलकम इंडिया




**झांसी।** भाजपा कार्यालय पर अनसूचित ,पिछड़ा वर्ग ,एवं महिला मोर्चा तथा मंडल प्रभारियों की संयुक्त बैठक जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, एमएलसी रामतीर्थ सिंघल ,पूर्व जिलाध्यक्ष अरिदमन सिंह एवं महोबा प्रभारी संजीव श्रृंगीऋषि के आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमें चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण ( र्१ )अभियान की समीक्षा के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वार्ता हुई जिसमें सभी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि आप सभी भाजपा के जिम्मेवार कार्यकर्ता है और आप सभी दिन रात भारतीय जनता पार्टी के लिए परिश्रम करते है ।वर्तमान में मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है जिसमें आप सभी की भी पूर्ण भागीदारी होनी चाहिए।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का पूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हम सब अगले 5 दिन तक चाहे भाजपा पदाधिकारी हो ,मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी हो ,बूथ अध्यक्ष हो या बूथ प्रवासी हम सभी घर घर जाकर मतदाताओं से सघन जनसंपर्क करेंगे और चल रही रकफ की प्रक्रिया में कितने मतदाताओं के फॉर्म जमा हो गए है और कितने मतदाताओं के बाकी है यह देखेंगे इसके साथ यह भी अति आवश्यक है इसके साथ नए मतदाताओं के भी फॉर्म 6 भरवाना है ताकि आने वाले चुनावों में नवीन मतदाता भी अपने मत की आहूति दे और राष्ट्र के लिए स्वस्थ लोकतंत्र निर्माण में सहायक बन सके।इसलिए आप अगले 5 दिन अपने कार्य छोड़कर लोकतंत्र निर्माण के लिए शुद्ध मतदाता सूची निर्माण करवाने में सहायक बने।

इस अवसर पर मोहन सिंह यादव, राजकांतेशवर्मा, जगदीश, साहू, करुणेशबाजपेई, अंकुर दीक्षित, अमित साहू, नंदकिशोर भिलवारे, अमित श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, दिनेश प्रताप सिंह, चित्रा सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा बृजेंद्र राजपूत, किशोरी रायकवार, सलिल तिवारी,सुमन पुरोहित,विकाश कुशवाहा,कपिल बिरसैनिया,अभिषेक जैन , नागेन्द्र पाल,मीनू राजावत, ममता साहू, कविता शर्मा, नूपुर पाठक,ममता चौरसिया,वंदना मिश्रा,गायत्री समेले ,मिथलेश साहू, जीतू शिवहरे,मनीराम रायकवार, रवि पाल,रोहित राजपूत, भूपेंद्र पाल,बृजेंद्र राय अनुराग अहिरवार, रितिक सिंह अवतार खटीक,अनूप करोसिया,राहुल कुर्ली विनीत खटीक सहित भाजपा की जिला मॉनिटरिंग टीम के सदस्य एवं मोर्चों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में लावारिस व मानसिक रूप से अस्वस्थ कुत्तों का आतंक

**गरुड़।** नगर पंचायत क्षेत्र में लावारिस व मानसिक रूप से अस्वस्थ कुत्तों का आतंक हो गया है।जिससे लोग परेशान हैं।खासतौर पर मॉर्निंग वॉकर बहुत दहशत में हैं। नगरवासियों ने ऐसे कुत्तों से शीघ्र निजात दिलाए जाने की मांग की है।

नगर पंचायत के गरुड़ बाजार, टीटबाजार, लालपुल, बैजनाथ, ब्लाक मुख्यालय, भकुनखोला आदि क्षेत्रों में इन दिनों लावारिस व मानसिक रूप से अस्वस्थ कुत्तों का आतंक हो गया है।ये कुत्ते राह चलते लोगों पर झपट रहे हैं।कई लोगों पर ये कुत्ते हमले भी कर चुके हैं।लाल पुल क्षेत्र में ऐसे कुत्तों का ज्यादा आतंक है। सुबह के समय मॉर्निंग वॉकरों को ये कुत्ते काटने को आ रहे हैं।जिससे मॉर्निंग वॉकर दहशत में हैं।बच्चे भी स्कूल जाने में डर रहे हैं।बुजुर्ग बाजार नहीं जा पा रहे हैं। नगर के लोगों ने शीघ्र ऐसे कुत्तों से निजात दिलाए जाने की मांग की है। इधर नपं की अध्यक्ष भावना वर्मा ने बताया कि प्रभारी ईओ को शीघ्र ठोस उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में स्वास्थ व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग मुखर

वेलकम इंडिया



**गरुड़, दिनेश नेगी।** गरुड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मोहन सिंह मेहता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में मरीजों को पर्याप्त स्वास्थ सुविधा नही मिलने पर नाराजगी जताई है ।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गरुड़ के अध्यक्ष एड.गिरीश कोरंगा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कानूनगो के माध्यम से स्वास्थ केंद्र बैजनाथ में मरीजों को पर्याप्त स्वास्थ सुविधाएं दिलाने की मांग का ज्ञापन जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में जिलाधिकारी को अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली व्यवस्थाए मरीजों को दिए जाने, अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा विशेषज्ञों की तैनाती, सभी प्रकार की महत्वपूर्ण दवाइयां मरीजों को उपलब्ध कराने, अस्पताल से बाहर से लिखी जाने वाली महंगी दवाओं पर रोक लगाने,अस्पताल में तहसील के अलावा चमोली जिले से भी मरीजों का उपचार हेतु आने के चलते प्रतिदिन मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के बाद भी मरीजों को पर्याप्त चिकित्सा सेवा नही मिल पाने, अस्पताल में रेडियोलॉजी, अल्ट्रासाउंड जांच और एक्सरे विभाग में भी स्थायी टेक्नीशियन के अभाव में मरीजों को जांच कराने में परेशानी होने,अस्पताल केवल रेफरल सेंटर बनने सहित अस्पताल में अन्य असुविधाओं को दूर करने करने हेतु पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग का ज्ञापन भेजा है ।वही पूर्व में चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने के आश्वासन मिलने के बाद व्यवस्था नही सुधरने पर मरीजों की उपेक्षा करने के आरोप लगाए, और जल्द चिकित्सा व्यवस्था सुधारने की मांग की ।कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जल्द अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ व्यवस्था नही सुधारे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है ।ज्ञापन देने वालों में पूर्व ब्लाक प्रमुख भरत फर्श्वाण, एड रमेश भंडारी, प्रकाश कोहली,उमेश पाण्डेय, रंजीत रावत,दीपक ,दीप चंद्र,दिग्विजय फर्शवाण,ललित चंद्र,राजेश कुमार,आदि मौजूद थे।

## कत्यूर घाटी में बीएसएनएल की संचार व्यवस्था चरमराने से उपभोक्ता परेशान

**गरुड़।** कत्यूर घाटी में बीएसएनएल की संचार व्यवस्था चरमरा गई है। आए दिन यहां फोन मिलाने पर नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर ही बताया जाता है। आधी बात के बाद सिग्नल कट जा रहे हैं। जिससे लोग काफी परेशान हैं। विभिन्न संगठनों ने बीएसएनएलसे शीघ्र संचार व्यवस्था दुरस्त करने की मांग की है। कत्यूर घाटी में आए दिन संचार व्यवस्था लड़खड़ाई रहती है। जिससे लोग अपने स्वजनों से बातचीत नहीं कर पाते हैं। देश-प्रदेश गए ग्रामीण जब अपने घर फोन मिलाते हैं तो नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर ही बताता है। आधी-अधूरी बातचीत के बाद फोन कट जा रहा है। कभी-कभी बीच में आवाज ही गायब हो जा रही है।जिससे आए दिन ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट डीके जोशीने कहा कि आधुनिकता के दौर में संचार व्यवस्था व्यक्ति का प्रमुख आधार है, सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में संचार व्यवस्था देने के दावे के बाद आए दिन कत्यूर घाटी क्षेत्र में संचार व्यवस्था चरमराने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लोग अपने देश विदेश में रहने वाले परिचितों से सम्पर्क नही कर पाते हैं, जबकि आपातस्थिति में कोई सहायता चाहने पर लोगों को असुविधा होती है। मानवाधिकार आयोग के प्रदेश महासचिव दीवान नेगी, हरीश जोशी, उमाशंकर भाकुनी ने बीएसएनएल से शीघ्र संचार व्यवस्था दुरस्त करने की मांग की है।

## आरएएफ की क्यूआरसीएस ड्रिल: मुख्यालय से किठौर थाना पहुँची 1 घंटे 20 मिनट में



**मेरठ।** किठौर ।दंगा अथवा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की तैयारी को परखने के लिए आरएएफ 108 कंपनी मेरठ ने शुक्रवार को क्यूआरसीएस (क्विक रिस्पॉन्स एंड कंट्रोल सिस्टम) ड्रिल का अभ्यास किया ।ड्रिल के दौरान सुभारती विश्वविद्यालय के सामने स्थित आरएएफ 108 बटालियन मुख्यालय से किठौर थाने तक पहुँचने में बल को 1 घंटा 20 मिनट का समय लगा ।यह अभ्यास कमांडेंट धन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में किया गया। सहायक कमांडेंट गोपाल राम अपनी टीम के साथ किठौर थाने पहुँचे और औपचारिक रिपोर्ट दी। उन्होंने बताया कि इस ड्रिल का उद्देश्य यह आकलन करना है कि दंगा, उपद्रव या शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति में आरएएफ कितनी शीघ्रता से मौके पर पहुँचकर नियंत्रण स्थापित कर सकती है ।ड्रिल के बाद सहायक कमांडेंट गोपाल राम तथा थाना प्रभारी प्रताप सिंह की मौजूदगी में आरएएफ 108 कंपनी और स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान इलाके की स्थिति का निरीक्षण किया गया और नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की गई।

## बाइक के आगे आया बंदर,बाइक सवार मासूम सहित मां बेटा घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी के समीप बाइक सवार के आगे बंदर आ जाने से बाइक पर सवार एक मासूम सहित मां, बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सक ने महिला व उसके पुत्र की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया है।बाबरी थाना क्षेत्र के गांव कुरमाली निवासी सलमान पुत्र मामू अपनी 3 वर्षीय बेटी, सिफा,व मां आशिया के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में कस्बे में आ रहे थे। बाइक सवार मां,बेटा जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी के समीप पहुंचे तो बाइक सवार के आगे एक बंदर आ गया। बाइक के आगे बंदर आ जाने से बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और बाइक गिर गई।बाइक पर सवार मासूम बच्ची सहित मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बीपीएन जूनियर हाई स्कूल की एथलेटिक मीट में धमाकेदार प्रदर्शन, कई खिलाड़ी फाइनल में पहुँचे

वेलकम इंडिया



**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** नगर के बी.पी.एन. जूनियर हाई स्कूल में चल रही वार्षिक एथलेटिक मीट में खेल के दुसरे दिन छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर माहौल को रोमांचक बना दिया। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई ।खो-खो प्रतियोगिता में बोस हाउस और नायडू हाउस की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करके फाइनल में प्रवेश किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में सद्दाम, सूर्य और सर्वेश ने बेहतरीन छलांग लगाते हुए क्वालीफाई किया।

वहीं छोटे बच्चों की 50 मीटर दौड़ में अंश, अरहान, अम्माल, अथर और अमल ने अपनी गति का प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई ।50 मीटर रिले रेस में आरिश, आर्ची और हरमन हुसैन ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ऊंची कूद में अक्षरा और अर्शी ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि जूनियर वर्ग में समीर, साद और अजित ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई।

प्रबंधक कुशांक चौहान ने बताया कि शनिवार, 6 दिसंबर 2025 को सभी फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दल को चैंपियंस ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बी.पी.एन. स्कूल का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाना है। प्रतियोगिता में बच्चों की ऊर्जा व प्रतिभा देखकर गर्व महसूस होता है। हमारा लक्ष्य है कि छात्र भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का नाम रोशन करें।

## बिजली कनेक्शन के लिए वृद्ध काट रहा अधिकारियों के चक्कर

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बा एलम निवासी सेवानिवृत्त ब्लॉक कृषि अधिकारी रणवीर सिंह पिछले कई महीनों से घरेलू विद्युत कनेक्शन लेने के लिए ऊर्जा निगम के चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। पीड़ित वृद्ध ने आरोप लगाया है कि कनेक्शन के नाम पर ऊर्जा निगम के अधिकारी उससे 40 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने ऊर्जा निगम के उच्चाधिकारियों से लेकर उत्तर प्रदेश ऊर्जा मंत्री तक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को ऊर्जा निगम के एक्शन के समक्ष पहुंचे वृद्ध व्यक्ति रणवीर सिंह ने बताया कि वह हरियाणा में ब्लॉक एग्रीकल्चर ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में अपने परिवार के साथ कुरुक्षेत्र में रहते हैं।इन दिनों वह कस्बा एलम में अपना नया मकान बनवा रहे हैं। इसी के लिए उन्होंने मई माह से घरेलू विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया था। पीड़ित का कहना है कि उनके घर के बिलकुल सामने ही बिजली का खंभा लगा हुआ है, इसके बावजूद महीनों बीत जाने पर भी कनेक्शन नहीं दिया जा रहा ।आरोप है कि ऊर्जा निगम के अधिकारी बार-बार बिजलीघर बुलाकर उन्हें टालते आ रहे हैं और कनेक्शन देने के बदले 40 हजार रुपये की मांग की जा रही है।

## एचटी लाइन का तार टूट कर खेतों में गिरा,गन्ने की फसल जल कर राख

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी तीन किसानों के गन्ने के खेत में एचटी लाइन का विद्युत तार टूट जाने से 14 बीघा फसल जलकर राख हो गई।राष्ट्रीय लोकदल के नेता ने मामले की शिकायत विद्युत विभाग को की। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मुआवजे का आश्वासन दिया है। विकासखंड क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी किसान, नरेंद्र, हरपाल, सतपाल ने बताया कि उनके खेतों के ऊपर से विद्युत विभाग की एचटी लाइन जा रही है।

विधुत लाइन काफी दिनों से जर्जर हालत में है और जमीन से झूल रही है। शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग के कर्मचारी समस्या का निस्तारण नहीं करते। शुक्रवार को एचटी लाइन का तार टूट कर किसानों के खेत में गिर गया और चिंगारी उठ जाने से तीनों किसानों की 14 बिघा फसल जल गई।खेत में लगी आग की सूचना पाकर मौके पर दर्जनों ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया मगर तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी।जानकारी मिलते ही मौके पर राष्ट्रीय रोक दल के नेता राजन जावला पहुंचे और मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों से की। मौके पर एसडीओ आशीष श्रीवास्तव, जैई, इरफान व अन्य कर्मचारी पहुंचे और किसानो के खेतों का मौका मुआयना किया। किसानों सहित रालोद नेता ने हंगामा किया और मुआवजे की मांग की। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने जल्दी निस्तारण का आश्वासन दिया।

### श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस में

## भक्तों ने श्रवण की राम नामकरण एवं श्रीराम की बाल लीलाओं की कथा

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** प्रेमनगर खातीबाबा क्षेत्र स्थित श्री गौड़ बाबा सिद्धाश्रम पर श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस में समस्त भक्तों ने कथा श्रवण की उसके बाद पंचम दिवस की कथा का प्रारंभ श्रीरामचरितमानस एवं पुराणों के पूजन-अर्चन के साथ हुआ और श्री राम कथा के पंचम दिवस में कथा श्रवण कराते हुए अंतराष्ट्रीय कथा व्यास परम् पूज्य जगतगुरु स्वामी श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज श्री हरिधाम पीठ अयोध्या धाम ने श्रीराम की बाल लीलाओं एवं राम नामकरण की कथा सुनाई और कहा कि भगवान राम की बाल लीलाएं सिखाती हैं कि सच्ची महानता विनम्रता और सेवा में निहित है, और उनके आदर्शों पर चलने से जीवन सफल होता है साथ ही महर्षि वशिष्ठ जी ने भगवान राम का नामकरण किया था राम नाम का उच्चारण इतना शक्तिशाली है जो सभी कष्टों को हरता है और यह नाम 'राम' दो अक्षर से बना है, जो 'र' और 'म' अक्षरों से मिलकर बना है, जो अग्नि और अमृत बीज का प्रतीक है और यह नाम मन और आत्मा को शक्ति देता है।यह नाम सभी दुखों को हरता है, अभिमान, क्रोध, लालच जैसी भावनाओं का अंत करता है और मोक्ष प्रदान करता है, यह नाम जाप सभी युगों में प्रभावी है।श्रीराम के भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कथा में भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।

## सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने शपथ ग्रहण समारोह में करुणा आधारित स्वास्थ्य सेवा के उज्ज्वल भविष्य को प्रज्वलित किया

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा





**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा के अनवरपुर में सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग,में वार्षिक लैम्प लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया,जो नए नर्सिंग विद्यार्थियों के इस पवित्र और सेवा-प्रधान पेशे में औपचारिक प्रवेश का प्रतीक है ।ज्ञान प्रज्वलित हो, भविष्य प्रेरित हो। थीम के अंतर्गत आयोजित यह समारोह फ्लोरेंस नाइटिंगेल की विरासत को नमन करते हुए नर्सिंग के मूल्यों करुणा,निष्ठा, मानवता और पेशेवर प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.बिमला कपूर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति और प्रेरणादायी विचारों से कार्यक्रम को विशेष आयाम प्रदान किया। देश की अग्रणी नर्सिंग शिक्षाविद्, शोधकर्ता और नीति-निमार्ता के रूप में उनका योगदान नर्सिंग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पाँच दशकों से अधिक का अनुभव और मनोचिकित्सा नर्सिंग विषय की प्रथम भारतीय लेखिका होने के नाते उनके विचार विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहे ।समारोह में सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती राम्या रामाचंद्रन की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और ऊँचा किया।

उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता,संवेदना और करुणा पर आधारित जीवनभर की जिम्मेदारी है ।संस्थान के वरिष्ठ नेतृत्व प्रिंसिपल आर.मनोहारी शिवा कुमार, प्रिंसिपल/डीन बरखा गुप्ता,सीनियर एडवाइजर रविकांत सहगल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट मेजर जनरल चरणजीत सिंह अहलूवालिया, फामेर्सी प्रिंसिपल नितिन कुमार, डायरेक्टर रघुवर दत्त,जनरल मैनेजर एन.वरदराजन तथा वाइस प्रिंसिपल केतन शर्मा—की उपस्थिति और मार्गदर्शन ने समारोह को और भी प्रभावी बनाया ।कार्यक्रम का शुभारंभ गौरवी के द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य से हुआ,जिसने नए आरंभ और पवित्रता के संदेश को सुंदर अभिव्यक्ति दी।इसके बाद वाइस प्रिंसिपल केतन शर्मा ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया और लैम्प लाइटिंग की ऐतिहासिक,आध्यात्मिक और व्यावसायिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। दीप प्रज्वलन के माध्यम से ज्ञान, आशा और सेवा की ज्योति पूरे वातावरण में प्रसारित हुई।इसके पश्चात प्रिंसिपल के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया,जिसमें संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों,नवाचारों और छात्र-केंद्रित पहलों का उल्लेख किया गया ।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रेरक वीडियो और फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन ने नर्सिंग के मूल्यों अनुशासन, समर्पण और करुणा को सजीव रूप में प्रस्तुत किया ।समारोह का सबसे पवित्र और भावनात्मक क्षण पासिंग ऑफ द लाइट रहा, जिसमें शिक्षकों ने सेवा, ज्ञान और करुणा का पवित्र प्रकाश नए विद्यार्थियों को सौंपा।यह परंपरा नर्सिंग पेशे की आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और विद्यार्थियों को निस्वार्थ सेवा तथा नैतिकता को जीवन मूल्यों के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करती है। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित नाइटिंगेल शपथ लेकर मानवता और पेशेवर उत्कृष्टता के सर्वोच्च मानकों का पालन करने का संकल्प व्यक्त किया ।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सदस्य जयप्रिया ने नर्सिंग के मूल सिद्धांतों अनुशासन, करुणा और समर्पण पर सारगर्भित विचार साझा किए। समापन में अनिता द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी संकाय सदस्यों, आयोजन टीम, तकनीकी सहयोगियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिया और नेहा द्वारा अत्यंत सुचारू और सौम्य रूप से किया गया ।समारोह की सफलता पर सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन जे.रामाचंद्रन ने कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए आयोजन टीम के समर्पण और उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की।

# एसआरएम आईएसटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई ) विभाग द्वारा 9वीं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (आई सी एम ई टी ई 2025 ) का सफल आयोजन 4झ5 दिसंबर 2025 को किया गया। यह सम्मेलन विभागाध्यक्ष डॉ. रुपाली सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकम्यूनिकेशन, स्मार्ट डिवाइसेज, एआईझ्रएमएल, आइओटी , वीएलएसई , सिग्नल एवं इमेज प्रोसेसिंग तथा उभरती तकनीकों पर नवीन शोध को साझा करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके उपरांत सम्मेलन के संयोजक डॉ. आर. पी. महापात्रा ने स्वागत भाषण दिया और निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। सम्मेलन में विश्वभर से आए मुख्य वक्ताओं ने अपनी विशिष्ट विशेषज्ञता साझा की। जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रेमेन से प्रोफेसर और निदेशक डॉ. रॉल्फ ड्रेक्सलर ने माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन के वैश्विक रुझानों पर बात करते हुए शोध में नवाचार के महत्व को रेखांकित किया तथा छात्रों को अनुसंधान में गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, ऑस्टिन के मिनीमैक्स लैब के डायरेक्टर डॉ. फांगझो झिया ने स्मार्ट रोबोटिक्स और नेक्स्ट-जेनरेशन कंट्रोल सिस्टम्स पर चर्चा की और बताया कि एआई और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स किस प्रकार भविष्य की तकनीकों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं।

चीन की ज़ियांगशान लेबोरेटरी के निदेशक डॉ. रवि कुमार आर्या ने उन्नत वायरलेस संचार तकनीकों, 6जी और क्वांटम कम्युनिकेशन के भविष्य पर विस्तृत जानकारी दी तथा वैश्विक संचार संरचना में हो रहे तीव्र बदलावों पर प्रकाश डाला। सिंगापुर के आई स्क्वायर आर, ए-स्टारह्व के प्रिंसिपल साइंटिस्ट व गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. नसीमुद्दीन ने हाई-फ्रीक्वेंसी कम्युनिकेशन, एंटीना सिस्टम डिजाइन और उद्योगझ्रअकादमिक सहयोग की उपयोगिता पर चर्चा की तथा इस दिशा में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) महेश चन्द्र गोविल, निदेशक एन आई टी सिक्किम ने अपने उद्घाटन संबोधन में तकनीकी अनुसंधान को देश की प्रगति का आधार बताते हुए शोधार्थियों को नवाचार की ओर प्रेरित किया और वे सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया। दो दिनों के दौरान विभिन्न तकनीकी ट्रैक्स में कुल 43 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें कंप्यूटर साइंस एवं इंटेलिजेंट सिस्टम, एआईझ्रएमएल, बिग डेटा, क्लाउड, आइओटी , एंबेडेड सिस्टम, स्मार्ट डिवाइसेज, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, वीएलएसई डिजाइन, स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा आधारित तकनीकों जैसे विविध विषय शामिल रहे। इस सम्मेलन ने शोधकताओं, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान किया, जिससे वैश्विक तकनीकी प्रगति पर सार्थक संवाद स्थापित हुआ। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक संस्थान के डीन डॉ आरपी महापात्रा एवं सहसंयोजक डॉक्टर रूपाली सिंह एवं सप्तऋषि गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभाग के फैकल्टी मेंबर्स एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।



# विधायक डॉ .मंजू शिवाच द्वारा विकास कार्यों का फीता काटकर किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भनेड़ा में शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं उद्घाटन विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा फीता काटकर किया गया।

विधायक डॉक्टर डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि यह दोनों कार्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने हेतु अत्यंत आवश्यक थे। और अब इनके पूर्ण हो जाने से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा।उद्घाटन किए गए कार्य जयचंद के मकान से निरंकार के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 6.05 लाख है।

भुल्लन के मकान से डुबाना के रास्ते तक इंटरलॉकिंग तथा नाली निर्माण कार्य। जिसकी अनुमानित लागत 8.53 लाख है ये दोनों निर्माण कार्य विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि ( वर्ष 2025झ26 ) के अंतर्गत पूर्ण किए गए हैं। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि गांवों का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता है और आधुनिक सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम वासियों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास कार्य की गति निरंतर जारी रहेगी।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अस्मिता खेलो इंडिया वुमेन्स वेटलिफ्टिंग लीग का शानदार आयोजन किया गया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर में शुक्रवार को अस्मिता खेलो इंडिया वुमेन्स वेटलिफ्टिंग लीग का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती लक्ष्मी सिंह आयुक्त, नोएडा द्वारा किया गया।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से कुल 164 महिला वेटलिफ्टर्स ने हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही टोक्यो ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट, पद्मश्री , राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्डी और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित भारत की स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू, जो विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। चूंकि हाल ही में मीराबाई चानू वारियर्स अकादमी मोदीनगर में प्रशिक्षण ले रही हैं, इसलिए युवा खिलाड़ियों के लिए उनसे मिलना और उन्हें अभ्यास करते देखना बेहद प्रेरणादायक रहा। उनके मार्गदर्शन में इस अकादमी में 100 से अधिक छोटे खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग सीख रहे हैं और नई पीढ़ी एक बड़े खेल भविष्य का सपना देख रही है। मीराबाई चानू के कोच विजय शर्मा (द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त) स्वयं वारियर्स अकादमी को संचालित कर रहे हैं और उनकी देखरेख व खेल-दृष्टि ने इस प्रतियोगिता एवं अकादमी दोनों की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं।

प्रतियोगिता के घोषित परिणामः यूथ गर्ल्स – 44 किग्रा वर्ग, प्रथम हिमांसी एनसीओई 113 किग्रा, द्वितीय खुशबू एनसीओई 111 किग्रा, तृतीय प्रियंका देवी जम्मू & कश्मीर 79 किग्रा, यूथ गर्ल्स – 48 किग्रा वर्ग,प्रथम वंदना भाराली उत्तर प्रदेश 131 किग्रा, द्वितीय लवजोत कौर पंजाब 127 किग्रा, तृतीय रोली वर्मा 117 किग्रा,जूनियर गर्ल्स – 48 किग्रा वर्ग, प्रथम मानसी चामुंडा उत्तर प्रदेश 159 किग्रा, द्वितीय रोली वर्मा एनसीओई 117 किग्रा, तृतीय हिमांशी एनसीओई 113 किग्रा,सीनियर गर्ल्स – 48 किग्रा वर्ग,प्रथम कोमल कोहर हरियाणा 179 किग्रा, द्वितीय मानसी चामुंडा उत्तर प्रदेश159 किग्रा, तृतीय नजमीना मजीद जम्मू & कश्मीर 92 किग्रा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत की उभरती महिला खिलाड़ियों को अवसर, मंच और प्रतिस्पर्धा देकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। आने वाले सत्रों में शेष भार वर्गों के परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

## मंडलायुक्त एस.राज लिंगम ने की सफाई व्यवस्था की समीक्षा

**वाराणसी।** मंडलायुक्त वाराणसी एस.राज लिंगम द्वारा नगर निगम वाराणसी की सफाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक की गईं बैठक में शहर की स्वच्छता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि नगर निगम अपने सभी उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करे उन्होंने निर्देशित किया कि शहर में स्थित खाली प्लॉटों की सफाई अभियान चलाकर नियमित रूप से,विशेषकर साप्ताहिक आधार पर की जाए उन्होंने सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों को फील्ड में सक्रिय रूप से मौजूद रहने और सफाई कार्यों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए यदि आम नागरिक सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकते पाए जाएं,तो उन्हें उपयुक्त रूप से जागरूक और प्रेरित किया जाए। मंडलायुक्त ने यह भी कहा कि शहर के जागरूक नागरिकों को नगर निगम से जोड़ा जाए जिससे सामुदायिक सहभागिता बढ़े और शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

# इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज और इंडो-रशियन कम्पैट्रियट्स सोसायटी ने मिलकर किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**साहिबाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संबंधों को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, साहिबाबाद एवं इंडोझ्ररशियन कम्पैट्रियट्स सोसायटी,रूस कल्चर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में ह्यकॉन्फ्लुएंसह्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर स्थित अटल सभागार में किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आगमन के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें दोनों देशों की मित्रता और सांस्कृतिक सामंजस्य का अनोखा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान रूसी संगीतकार जहाना सेमेनोवा और कोरियोग्राफर मार्गो के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और संगीत कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। भारतीय और रूसी संस्कृतियों के सुन्दर मिश्रण ने दर्शकों से भरपूर प्रशंसा प्राप्त की। कॉलेज के वाइस-प्रेसिडेंट (इंटरनेशनल रिलेशंस) विभूति शंकर ने अपने स्वागत संबोधन में बताया कि इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज का रूस की छह प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू (सहसमझौता ज्ञापन) है, जिसके अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और शैक्षणिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सक्रिय सहयोग किया जा रहा है। कॉलेज के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने कहा कि संस्थान अब भारत और रूस के उद्योग जगत के बीच सार्थक संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

उन्होंने कहा कि कॉलेज के मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंध भारतीय उद्योगों और व्यवसायों को रूसी बाजारों तक पहुँच बनाने में सहायता कर सकते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि रूसी विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों को कॉलेज द्वारा पूर्ण मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इंडोझ्ररशियन कम्पैट्रियट्स सोसायटी की चेयरपर्सन एलेना ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत और रूस की मजबूत मित्रता को आशा की नजर से देख रही है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच वर्षों पुराना गहरा सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव है।

उन्होंने महान अभिनेता राज कपूर की फि ल्मों के लोकप्रिय रूसी गीतों का उल्लेख करते हुए गायक अविनाश दवे द्वारा प्रस्तुत गीतों की विशेष सराहना की। एलेना ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच यह सांस्कृतिक और शैक्षणिक साझेदारी भविष्य में और अधिक मजबूत तथा फलदायी परिणाम लेकर आएगी।

रूसी प्रतिनिधिमंडल में अनास्तासिया इल्युशिना युवा मामलों की मुख्य समन्वयक, रूसी सांस्कृतिक केंद्र (रशियन हाउस), नई दिल्ली,सेमेनोवा झाना पेशेवर रूसी संगीतकार और शिक्षिका,नताल्या धवन, ओल्गा कोरोलेवा, अनास्तासिया माल्कोव्स्काया और एलेना शामिल रहीं। वहीं इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, प्लेसमेंट डायरेक्टर आकांक्षा अग्रवाल, निदेशक डॉ. अनिल कुमार सोलंकी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डॉ. मीनाक्षी शर्मा और विभूति शंकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित उद्योगपतियों, शिक्षाविदों और संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और भारतझ्ररूस संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने की इस पहल की सफलता की कामना की।

# नगर आयुक्त ने किया परेड कोठी नगर निगम भूमि का निरीक्षण

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा कैंट स्थित परेड कोठी क्षेत्र में नगर निगम की भूमि,जो कूड़ा गाड़ी स्टैंड के पास स्थित है,का स्थलीय निरीक्षण किया गया निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य उक्त स्थान पर सिटी बसों हेतु चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने की संभावनाओं का परीक्षण करना था। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए साथ ही रोडवेज विभाग के ए.आर.एम.को निर्देशित किया गया कि सिटी बस चार्जिंग स्टेशन के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर नगर निगम को प्रस्तुत किया जाए,ताकि आगे की कार्रवाई यथाशीघ्र सुनिश्चित की जा सके नगर निगम वाराणसी द्वारा शहर में सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ तथा पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में खो-खो मुकाबलों का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ)।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल में जारी आवाहन स्पोर्ट्स मीट 2025 के तहत आज रोमांचक खो-खो मुकाबलों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल आठ टीमों ने उत्साह, खेलझ्रभावना और प्रतिस्पर्धात्मक जोश के साथ भाग लिया।

पहला मुकाबला रेनेसांस स्कूल और आरकेजी ग्लोबल स्कूल के बीच खेला गया। टॉस का संचालन प्रिंसिपल कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह द्वारा किया गया, जिसमें रेनेसांस स्कूल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। शानदार चुस्ती और उत्कृष्ट तालमेल का प्रदर्शन करते हुए रेनेसांस स्कूल विजेता बना।

दूसरे मुकाबले में श्री राम पब्लिक स्कूल और केडीबी स्कूल आमनेझ्रसामने थे। बेहतरीन टीमवर्क और रणनीति के दम पर श्री राम पब्लिक स्कूल ने जीत हासिल की।

तीसरे मैच में मुरादनगर पब्लिक स्कूल (टीम बी) और आरकेजी ग्लोबल स्कूल (टीम बी) के बीच मुकाबला हुआ। उत्कृष्ट प्रयास और दृढ़ संकल्प के साथ आरकेजी ग्लोबल स्कूल टीम बी विजेता बनी। चौथे मुकाबले में मुरादनगर पब्लिक स्कूल (टीम ए) और केडीबी स्कूल (टीम ए) ने एक-दूसरे को चुनौती दी। मजबूत प्रदर्शन और बेहतर गेम प्लान के साथ मुरादनगर पब्लिक स्कूल टीम ए ने जीत दर्ज की। आवाहन स्पोर्ट्स मीट का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलझ्रभावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और समग्र विकास को बढ़ावा देना है। आरकेजी ग्लोबल स्कूल सदैव ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो शारीरिक फिटनेस, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन को प्रोत्साहित करें। आज के मुकाबलों में सभी स्कूलों ने अनुशासन, उत्साह और उत्कृष्ट सहभागिता का उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे यह दिन यादगार बन गया। स्कूल सभी प्रतिभागी टीमों, मार्गदर्शकों, कोचों और अधिकारियों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद प्रकट करता है।

# दिव्यांग चैम्पियनशिप लीग (डीसीएल 25 ) का हुआ उद्घाटन



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** दिव्यांग चैम्पियनशिप लीग (डीसीएल 25 ) का उद्घाटन मैच में पहला मैच महिला सशक्तिकरण हेतु प्रयागराज की ओमेन्स टीम और बनारस की ओमेन्स टीम के साथ खेला गया इस मैच में प्रयागराज की टीम ने निर्धारित दस ओवर के मैच अन्तिम बाल पर 102 रन को चेस कर लिया, अन्तिम बाल पर एक रन चाहिए था और प्रयाग राज ने यह लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम किया महिला मैच एवं दिव्यांग चैम्पियनशिप लीग का उद्घाटन राष्ट्रीय महिला आयोग की सलाहकार सदस्य और भारत विकास परिषद महिला सहभागिता की राष्ट्रीय संयोजक ,शहर की प्रतिष्ठित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ शिप्रा धर ने किया मैच का टास मुम्बई से आये आफिसियल ब्रजेश सोलकर एवं इंडियन बोमेन्स टीम के नेट बालर लक्ष्य सिंह ने किया टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने आई सुनील गावस्कर एकादश ने बीस ओवर मे 167 रन बनाये जबाब में अजित वाडेकर की टीम 149 रन पर ही सिमट गई।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष डॉ एस बी सिह ने किया तथा घन्यबाद ज्ञापन प्रोफेसर डॉ ए के सिह ने दिया। इस अवसर पर इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन बनारस शाखा के सचिव एवं संस्था के संयुक्त सचिव डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी, संस्था की उपाध्यक्ष डॉ रितु गर्ग, वित्त सचिव डॉ पंकज सिह,डॉ शैलेंद्र सिह,संस्था के संयुक्त सचिव सम्पूर्णानन्द नंद पांडेय,संजय सिह,डॉ अरुण कुमार सिह,डॉ प्राजंल गर्ग,विवेक सूद,शशिशंकर पटेल,डॉ राजीव कुमार सिंह तथा एपेक्स अस्पताल के चिकित्सीय एवं फीजियोथीरेपी की टीम उपस्थित रही।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान तेज, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

## घर-घर गणना की अवधि 11 दिसम्बर तक बढ़ी, बूथ अधिकारियों और एजेंटों की अनिवार्य बैठकें होंगी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को गति देने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पत्र में दिए गए निदेशों के आधार पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि घर-घर मतदाता गणना की समय सीमा अब 11 दिसम्बर 2025 तक बढ़ा दी गई है। इसके साथ सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध और पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के अनुसार, कई बूथ स्तर अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है। ऐसे सभी अधिकारियों को तत्काल अपने-अपने बूथों के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ स्तर अभिकताओं के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे अन्य बूथ स्तर अधिकारी भी डिजिटलीकरण का कार्य पूर्ण करते जाएँ, वैसे ही संबंधित बूथ स्तर अभिकताओं के साथ बैठक की प्रक्रिया भी पूरी की जाए।

जारी आदेश के अनुसार, प्रत्येक बैठक की कार्यवाही का संपूर्ण अभिलेख तैयार करना अनिवार्य होगा। इसमें कार्यवृत्त, उपस्थिति, स्वीकृति पावती, स्थल पर लिए गए चित्र (अक्षांश और देशांतर सहित) तथा अभिकताओं का अधिकतम तीस सेकण्ड का प्रशंसापत्र शामिल होगा। इन सभी अभिलेखों को निर्धारित प्रारूप में तैयार कर निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि बूथ स्तर अधिकारी ईसीआई नेट अनुप्रयोग से अनुपस्थित, परिवर्तित, मृत और दोहरे नाम वाले निर्वाचकों की सूची डाउनलोड कर बैठक के दौरान बूथ स्तर अभिकताओं को उपलब्ध कराएं। साथ ही अभिकताओं से इसकी प्राप्ति का प्रमाण भी लिया जाए। उन्होंने सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों से कहा कि जिन मतदेय स्थलों का डिजिटलीकरण पूर्ण हो चुका है, वहाँ की अनुपस्थित मतदाताओं की सूची तुरंत बूथ स्तर अधिकारियों और अभिकताओं की बैठक आयोजित कर उपलब्ध करा दी जाए।

जहां-जहां कार्य पूरा होता जाए, वहां भी यही प्रक्रिया दोहराई जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का यह विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम आगामी विधानसभा चुनावों की पारदर्शिता और मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, सटीक और गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन अनिवार्य रूप से करना होगा।

# 11 करोड़ के फर्जी इनवॉइस घोटाले का भंडाफोड़

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर




**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने बड़े वित्तीय घोटाले का पदार्फाश करते हुए 11 करोड़ रुपये के फर्जी इनवॉइस तैयार कर करीब 2 करोड़ रुपये का जीएसटी क्लेम करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने आरोपी अब्दुल राजीक उर्फ. अब्दुल रज्जाक को नोएडा क्षेत्र से दबोचा। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और कूटरचित ऋरळ बिलों का जखीरा बरामद किया गया है।

**कैसे हुआ घोटाला ?**

जानकारी के अनुसार, वादी ने 02 अगस्त 2025 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि कंपनी के अकाउंटेंट अब्दुल रज्जाक ने ऑनलाइन माध्यम से जीएसटी पोर्टल में कंपनी की आईडी और पासवर्ड हैक कर लिए। इसके बाद आरोपी ने 11 करोड़ रुपये के फर्जी इनवॉइस अपलोड किए और लगभग 2 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (कळउ) क्लेम का प्रयास किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अकाउंटेंट का काम करता था और ऋरळ क्लेम आदि से संबंधित कार्य संभालता था। इसी दौरान उसके संपर्क में आरोपी अभिनव त्यागी आया, जिसने उसे फर्जी ऋरळ बिल खरीदने वाले ग्राहकों का नेटवर्क उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया। बदले में दोनों के बीच प्रति बिल 1% कमीशन देने का सौदा हुआ। अब्दुल रज्जाक ने करोड़ों रुपये के नकली बिल तैयार कर कई ग्राहकों को उपलब्ध कराए और प्राप्त रकम में से करीब 1 लाख रुपये अपने पास रखकर शेष राशि अभिनव त्यागी को सौंप देता था।

# भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के किसानों का जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के किसानों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसान जिला प्रशासन से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन जिलाधिकारी से न मिलने पर उन्होंने मुख्यालय के गेट पर ही धरना दे दिया और चैनल गेट पर बैठकर नारेबाजी की। किसानों की प्रमुख मांगों में शामिल है कि किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा दिया जाए, विधवा और वृद्धावस्था पेंशन पूरे देश में समान रूप से लागू की जाए, शिक्षा और चिकित्सा सभी के लिए निशुल्क हो, देश के सभी किसानों का कर्जा माफ किया जाए तथा अनाज की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। इसके अतिरिक्त किसानों ने भोपुरा क्षेत्र में अधिग्रहित जमीन के बदले उन्हें विकसित भूखंड नहीं दिए जाने का विरोध जताया और भोपुरा में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए कदम उठाने की भी मांग रखी। सिरौली की छोटी नहर को पक्का करने की आवश्यकता भी किसानों ने प्रशासन के समक्ष रखी।

प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष चौधरी अमित कसाना, अमित यादव सहित कई किसान मौजूद थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी मांगें न केवल उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं, बल्कि पूरे राज्य के किसानों के हित में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। किसानों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठा रहे हैं, लेकिन यदि उनकी मांगों पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में और बड़े आंदोलन की योजना बनाई जा सकती है। जिला प्रशासन ने मौके पर किसानों से संवाद स्थापित किया और ज्ञापन को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# हरनंदीपुरम योजना को तेजी से लागू करने की तैयारी तेज प्लानिंग व डिजाइनिंग सर्वोच्च प्राथमिकता : मंडलायुक्त

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में शुक्रवार को मेरठ मंडलायुक्त एवं जीडीए बोर्ड अध्यक्ष भानू चंद्र गोस्वामी ने हरनंदीपुरम योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना को जमीन पर उतारने के लिए प्लानिंग, भू-अर्जन और अभियंत्रण अनुभाग आपसी समन्वय के साथ तेजी से कार्य करें।

उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की सफलता उसकी प्लानिंग और डिजाइनिंग की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। इसीलिए चयनित एजेंसी के कार्यों की नियमित समीक्षा स्कोप ऑफ वर्क के अनुरूप की जाए। मंडलायुक्त ने बताया कि अगले सप्ताह एजेंसी विस्तृत प्रस्तुतीकरण देगी, और देरी की स्थिति में नियमों के अनुसार सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निर्माण कार्यों में आधुनिक तकनीक व वैज्ञानिक संसाधनों, विशेषकर लैबोरेटरी सुविधाओं का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए। नगर सौंदर्यीकरण कार्यों में स्ट्रक्चरल डिजाइन को विशेष प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया। मंडलायुक्त गोस्वामी ने प्राधिकरण को निर्देश दिया कि लैंड ऑडिट रिपोर्ट शीघ्र तैयार कर अनिस्तारित संपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया तेज की जाए।

साथ ही स्वीकृत मानचित्रों के विपरीत हो रहे निर्माण पर समय से प्रभावी कार्रवाई करने की आवश्यकता दोहराई। बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री नंद किशोर कलाल, सचिव श्री राजेश कुमार सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गोविंदपुरी में ज्वेलरी दुकान में लूट का प्रयास नाकाम, आरोपी गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी मेन मार्केट में स्थित ज्वेलरी की दुकान में गुरुवार सुबह लूट की कोशिश करने वाला आरोपी अंकित गुप्ता अब पुलिस हिरासत में है। आरोपी कर्ज में डूबा हुआ था और क्राइम पेट्रोल जैसी टीवी श्रृंखला देखकर लूट की साजिश रची थी। उसने ऑनलाइन धारदार हथियार, दो चाकू, मिर्च पाउडर और एक खिलौना बंदूक खरीदी थी। घटना से एक घंटे पहले आरोपी ने दुकान की रेकी की और वहां केवल गिरधारीलाल को अकेला देखकर वारदात अंजाम देने की योजना बनाई। उसका इरादा पहले गिरधारीलाल को मारने और फिर गहने व नकदी लेकर फरार होने का था। लेकिन, गिरधारीलाल का बेटा रूपेंद्र घर पर मौजूद था। गिरधारीलाल की चीखें सुनकर वह नीचे आया और आरोपी को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोनों हाथों की तीन उंगलियां, कोहनी और कलाई में फ्रैक्चर हुआ, सिर में गंभीर चोट लगी और चेहरे व हाथों पर सूजन थी। सिर में लगी चोट के कारण उसे दौरे भी पड़ रहे थे। पुलिस ने आरोपी का इलाज एमएमजी हॉस्पिटल में कराया।

शुक्रवार दोपहर उसे कोर्ट में पेश किया गया और वहां से जेल भेज दिया गया। घटना के दिन गिरधारीलाल दुकान पर बैठे थे। आरोपी ने उन पर मिर्च पाउडर फेंककर हमला किया। जब उनके बेटे ने विरोध किया।

# 410 करोड़ के फर्जी जीएसटी इनवॉइस रैकेट का भंडाफोड़, आरोपी अधिवक्ता गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सीजीएसटी गाजियाबाद के अधिकारियों ने जिले में एक बार फिर फर्जी जीएसटी इनवॉइस रैकेट का भंडाफोड़ किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने 410 करोड़ रुपये के फर्जी इनवॉइस जारी किए और इस फजीवाड़े के माध्यम से 73.70 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) क्लेम भी ले लिया। विभागीय जानकारी के अनुसार यह कर चोरी का नेटवर्क 40 से अधिक फर्जी कंपनियों के माध्यम से चलाया जा रहा था। मुख्य आरोपी अधिवक्ता विनय सिंह बताए जा रहे हैं, जो इस पूरे रैकेट का संचालन कर रहा था। आरोपी ने व्यक्तियों के केवाईसी दस्तावेजों का दुरुपयोग करके खुद को अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में पंजीकृत कर लिया था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने सभी फर्जी फर्मों के जीएसटी पोर्टल, ई-वे बिल पोर्टल, टीडीएस पोर्टल और व्यक्तिगत ईमेल खातों के उपयोगकर्ता नाम, पासवर्ड और ओटीपी अपने मोबाइल नंबर पर प्राप्त कर अकेले ही पूरे रैकेट को संचालित किया। खुफिया सूचना के आधार पर सीजीएसटी गाजियाबाद के एंटी इवैजन प्रकोष्ठ ने कार्रवाई शुरू की और चार दिसंबर को छापेमारी की। इस दौरान पता चला कि आरोपी ने केवल फर्जी इनवॉइस जारी करने के उद्देश्य से बिना किसी वस्तु या सेवा की वास्तविक आपूर्ति किए फर्जी कंपनियों का संचालन किया। यह पूरा जाल सरकारी राजस्व को चूना लगाने की एक सुनियोजित योजना का हिस्सा था। सीजीएसटी अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। विभाग ने बताया कि इस प्रकार के फजीवाड़े से सरकार को होने वाले बड़े नुकसान को रोकने के लिए लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से ऐसे अन्य फजीवाड़ों पर भी रोक लगाने में मदद मिलेगी। गाजियाबाद में इस कार्रवाई से कर चोरी और फजीवाड़े के खिलाफ प्रशासन की सख्त नीति स्पष्ट होती है और व्यापारिक और कर प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के प्रयास को मजबूती मिलती है।

# शहर विधानसभा में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर लीलावती विद्यालय में महत्वपूर्ण बैठक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को प्रभावी और सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रताप विहार स्थित लीलावती विद्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शहर विधायक संजीव शर्मा ने की। बैठक में पाँचों मंडलों के अध्यक्ष, सभी पार्षद, शक्ति केंद्र पदाधिकारी तथा विभिन्न स्तरों पर जिम्मेदार कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधायक संजीव शर्मा ने एसआईआर अभियान की गंभीरता पर जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर पहुँचकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को पूरी सावधानी, संवेदनशीलता और निष्ठा के साथ सम्पन्न करे। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए क्षति है, इसलिए अद्यतन, त्रुटिरहित और सटीक मतदाता सूची तैयार करना हम सभी का दायित्व है। विधायक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान मात्र एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनसहभागिता को सुदृढ़ करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# वायु प्रदूषण पर निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई पर्यावरण चेतना, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को दिए गए पुरस्कार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सेवा समर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित सेवा समर्पण सरस्वती विद्यामंदिर विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाना तथा वायु प्रदूषण जैसे गंभीर विषय पर उनकी समझ विकसित करना था। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता का विषय 'वायु प्रदूषणज्निर्धारित किया गया, ताकि विद्यार्थी न केवल समस्या को समझें, बल्कि उसके समाधानों पर भी विचार कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सिकन्दर यादव को आमंत्रित किया गया। विद्यालय पहुँचने पर समिति एवं विद्यालय परिवार द्वारा उनका हार्दिक स्वागत किया गया। अपने संबोधन में श्री यादव ने बच्चों को वायु प्रदूषण के स्रोत, इसके मानव स्वास्थ्य और प्रकृति पर पडे वाले दुष्प्रभाव, तथा इससे निपटने के प्रभावी उपायों के बारे में सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ पर्यावरण के लिए अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से उभर रही युवा पीढ़ी की सोच की सराहना की। प्रतियोगिता पूरी ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता के साथ सम्पन्न हुई। बच्चों ने वायु प्रदूषण पर अपने विचारों को बेहद प्रभावशाली, संवेदनशील और तथ्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

# डासना क्षेत्र में 3000 वर्ग गज में फैली अवैध कॉलोनी ध्वस्त

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निमार्णों और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। उपाध्यक्ष के स्पष्ट निदेशों के क्रम में आज प्रवर्तन जोनझ05 की टीम ने ग्राम डासना क्षेत्र में करीब 3000 वर्ग गज भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया।

प्रभारी प्रवर्तन जोनझ05 के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में उस्मान गढ़ी, खसरा संख्या 3823 ट, गंदे नाले के किनारे अवैध रूप से बनाई गई कच्ची सड़क, बाउंड्रीवाल और प्लॉटिंग को ध्वस्तीकरण आदेश के अनुसार हटाया गया। ये निर्माण कार्य दिनेश कुमार, राकेश कुमार व लोकेश कुमार पुत्रगण बनवारी लाल द्वारा कराए जा रहे थे। इसी क्रम में अर्बन होम सोसाइटी में उमेश शर्मा और श्रीमती रक्षा गुप्ता द्वारा सड़क और ओपन स्पेस पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया।

### अर्बन होम सोसाइटी में सड़क व ओपन स्पेस पर किए गए अतिक्रमण भी हटाए

कार्रवाई के दौरान स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल की मौजूदगी ने स्थिति को नियंत्रित रखा और ध्वस्तीकरण बिना बाधा के जारी रहा। प्राधिकरण के सहायक अभियंता ने मौके पर ही स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ध्वस्तीकरण की पूरी कार्रवाई में सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल एवं प्राधिकरण पुलिस बल मौजूद रहा।

